राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 233
जौनपुर, मंगलवार
10 जून 2025

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
41°C | 32°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरे 8 यात्री, 5 की मौत

हादसे में 6 यात्री गंभीर रूप से घायल

ठाणे, 09 जून। महाराष्ट्र के ठाणे में हुए रेल हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गयी जबकि कई के घायल होने की खबर है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस की तरफ जाने वाले कुछ यात्री अचानक ट्रेन से नीचे गिर गए। यह हादसा ठाणे के मुंब्रा रेलवे स्टेशन का है। ट्रेन में अत्याधिक भीड़ के कारण कई लोग ट्रेन से नीचे गिर गए। इस घटना में 5 लोगों की मौत होने की आशंका है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा। खबरों की मानें तो इस घटना में 5 यात्रियों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

प्रशासन हुआ अलर्ट: रिपोर्ट के अनुसार ट्रेन से गिरने की वजह से 5 यात्रियों की मौत की आशंका है। ठाणे जीआरपी की वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अर्चना दुसाने ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन को अलर्ट किया गया। उन्होंने कहा- यात्रियों से भरी एक ट्रेन से कुछ लोग नीचे गिर गए। उस दौरान एक्सप्रेस और मेल ट्रेन एक-दूसरे के बगल से गुजर रहीं थीं। ऐसे में लगभग 5 लोगों की मौत की आंशका जताई जा रही है और 6 यात्री बुरी तरह से जख्मी हैं।

कैसे हुआ हादसा ?: मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह हादसा सोमवार की सुबह मुंब्रा और दीवा रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। पुष्पक एक्सप्रेस और कसारा लोकल ट्रेन एक-दूसरे को क्रॉस कर रही थीं, तभी एक ट्रेन में सवार कुछ यात्री नीचे गिर गए। हालांकि यात्री किस ट्रेन से गिरे हैं ? इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है।

हादसे की वजह साफ नहीं: सेंट्रल रेलवे के चीफ पब्लिक रिलेशन ऑफिसर स्वप्निल नीला ने बताया कि, कसारा लोकल ट्रेन के गार्ड ने सोमवार की सुबह लगभग 9.30 बजे घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी। घायल यात्रियों को फौरन अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यात्री किस ट्रेन से नीचे गिरे ? इसकी पुख्ता जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। हादसे की वजह पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

सुकमा में नक्सलियों के हमले में एएसपी शहीद, कई अधिकारी घायल

सुकमा, 09 जून। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। सोमवार सुबह माओवादियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट में एडिशनल एसपी (एएसपी) आकाश राव गिरपुंजे शहीद हो गए। इस धमाके में सब-डिवीजनल पुलिस अधिकारी भानुप्रताप चंद्राकर और कोंटा थाना प्रभारी सोनल ग्वाला समेत कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए हैं।

एडिशनल एसपी शहीद: पुलिस सूत्रों के अनुसार, रविवार रात को फंदीगुड़ा के पास एक क्रेशर प्लांट में माओवादियों ने हमला कर एक बैकहो लोडर मशीन (जेसीबी) को आग के हवाले कर दिया था। मशीन के आसपास माओवादियों ने प्रेशर आईईडी भी बिछा दी थी। इस घटना की जांच के लिए सोमवार सुबह पुलिस अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची।

इस हमले में पहले एएसपी आकाश राव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत कोंटा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। SDOP भानुप्रताप चंद्राकर और थाना प्रभारी सोनल ग्वाला सहित अन्य घायल अधिकारियों को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजे जाने की तैयारी की जा रही है। सभी घायलों की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

टीम के साथ गश्त पर थे एएसपी: यह घटना भारत बंद के एलान के बीच हुई है। यह घटना माओवादियों द्वारा 10 जून को भारत बंद के आह्वान के बीच हुई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर दहशत फैलाना चाहते हैं। ASP आकाश राव अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे ताकि संभावित माओवादी घटनाओं को रोका जा सके।

ट्रक में घुसी कार, डॉक्टर की पत्नी-साले व भतीजे की मौत

नैनीताल घूमने जाते समय शाहजहांपुर में हुआ हादसा

गोरखपुर, 09 जून। टीबी अस्पताल के चिकित्सक डा. एन.के. द्विवेदी के परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब नैनीताल घूमने जा रहे परिजनों की कार शाहजहांपुर में एक खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में उनकी पत्नी, साले और भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। बेटा व साले की पत्नी गंभीर रुप से घायल हैं। हादसे शाहजहांपुर जिले के रौजा क्षेत्र में हाइवे पर खड़े बालू लदे ट्रक में उनकी कार पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त

की खबर खबर सोमवार सुबह जैसे ही स्वजन को मिली परिवार में मातम पसर गया।

100 बेड वाले टीबी अस्पताल में तैनात डॉ. एन.के. द्विवेदी खोराबार क्षेत्र के मालवीय नगर में रहते हैं। उनका परिवार गर्मी की छुट्टियों में पत्नी श्वेता व बेटा शिवांश नैनीताल घूमने निकला था।उनके साथ में बेलीपार के मलांव गांव में रहने उनके साले शिवम पांडेय पत्नी शालिनी व डेढ़ वर्ष के बेटे माधवन के साथ थे।रविवार को सभी लोग एक ही रवाना हुए थे।

सोमवार की सुबह करीब छह बजे हो गया। हादसे में डॉ. की पत्नी श्वेता द्विवेदी, साले शिवम और भतीजे माधवन की मौके पर ही मौत हो गई।

शिवांश शालिनी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दर्दनाक हादसे की सूचना गोरखपुर स्थित डा. एनके द्विवेदी के घर पहुंची, मालवीयनगर में मातम छा गया। मोहल्ले के लोग और परिचित दुख जताने उनके घर पहुंचे। डा. एन.के. द्विवेदी और परिवार के अन्य सदस्य शाहजहांपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

सोनम के बाद राज कुशवाहा भी गिरफ्तार

राजा रघुवंशी हत्याकांड का पर्दाफाश

इंदौर, 09 जून। इंदौर के नवविवाहित कपल राजा रघुवंशी और सोनम की हनीमून यात्रा मेघालय के शिलांग में एक खौफनाक हत्याकांड में बदल गई। 11 मई 2025 को शादी के बंधन में बंधे इस जोड़े ने 20 मई को शिलांग में हनीमून के लिए कदम रखा था, लेकिन 23 मई की रात एक ऐसी साजिश रची गई, जिसने राजा की जिंदगी छीन ली और पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस मामले में पुलिस ने राजा की पत्नी सोनम को गिरफ्तार किया है। इस केस में कई बड़े खुलासे हुए हैं।

हत्या की रात क्या हुआ था ?: 22 मई को राजा और सोनम शिलांग के मावलखियात गांव पहुंचे और वहां से नोंग्रियाट गांव में मशहूर %लिविंग रूट ब्रिज% देखने गए। दोनों ने रात एक होमस्टे में बिताई। 23 मई की सुबह 6 बजे दोनों ने होटल से चेकआउट किया और किराए की स्कूटी पर सैर के लिए निकले। इसके बाद दोनों रहस्यमय ढंग से लापता हो गए। 24 मई की रात को उनकी स्कूटी ओसारा हिल्स की पार्किंग में लावारिस हालत में मिली, जो होमस्टे से 25 किलोमीटर दूर थी। 28 मई को जंगल में दो बैग मिले, जिनकी पहचान राजा और सोनम के भाई ने की। उसी दिन वेइसाडोंग फॉल्स की एक गहरी खाई में राजा का शव बरामद हुआ, जिसके पास एक खून से सना 'दाओ' (खासी जनजाति का हथियार) और सोनम के कपड़े मिले। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने खुलासा किया कि राजा को बेरहमी से पीटा गया और चाकू से वार कर उसकी हत्या की गई।

किसने किया था पहला वार ?: पुलिस जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ कि इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि सोनम का बॉयफ्रेंड राज कुशवाहा था। इंदौर और मेघालय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीन आरोपियों विक्की ठाकुर, आनंद, और राज कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के मुताबिक, आनंद ने राजा पर पहला वार किया। फिर बाकी आरोपियों ने मिलकर पूरी वारदात को अंदाज दिया। वहीं राज ने हत्या की पूरी योजना बनाई। वह लगातार सोनम के संपर्क में था और फोन पर हत्या की हर डिटेल ले रहा था।

सोनम भी थी साजिश का हिस्सा: सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब पता चला कि राजा की पत्नी सोनम भी इस साजिश का हिस्सा थी। पुलिस के अनुसार, सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाहा के साथ मिलकर इस हत्या को अंजाम दिया। हत्या के बाद सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में सरेंडर कर दिया, जिसने इस केस को और रहस्यमय बना दिया। सोनम की गिरफ्तारी के बाद उसके पिता ने दावा किया कि मेघालय पुलिस सोनम को फंसा रही है, उनकी बेटी बेकसूर है।



अवैध रूप से रह रहे 66 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

दिल्ली, 09 जून। वजीरपुर और नई सब्जी मंडी क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे 11 परिवारों के 66 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। उत्तर-पश्चिमी जिले की फॉरेनर सेल की टीम ने यह कार्रवाई की है। उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस ने क्षेत्र में रह रहे इन बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान को निरीक्षक विपिन कुमार (फॉरेनर सेल) एवं रंजीव कुमार, एसीपी/फॉरेनर सेल के नेतृत्व में चलाया गया। उप निरीक्षक सपन, उप निरीक्षक श्यामबीर, सहायक उप निरीक्षक विनय की टीम बनाई। छह जून 2025 को भरत नगर, नई सब्जी मंडी एवं महेंद्र पार्क चौकी क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे 66 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। यह कार्रवाई विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर की गई थी, जिसमें इन क्षेत्रों में अवैध प्रवासियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई थी। उत्तर-पश्चिमी जिले की विदेशी शाखा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीमों का गठन किया गया और 06 जून को समन्वित अभियान प्रारंभ किया गया।

हरियाणा से आकर दिल्ली में बसे थे ये बांग्लादेशी: सूचना के अनुसार ये 11 परिवार हाल ही में हरियाणा से आकर दिल्ली में रहने लगे थे, जहां पुलिस की कार्रवाई के चलते उन्होंने दिल्ली में घनी आबादी वाले इलाकों में शरण ली।

प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि ये सभी परिवार पहले गांव तैन, नूंह (पूर्व में मेवात), हरियाणा के भट्टों में श्रमिक के रूप में कार्यरत थे। दिल्ली आगमन के पश्चात उन्होंने निगरानी से बचने के लिए दो समूहों में बंटकर अलग-अलग क्षेत्रों में रहना शुरू किया।

एमए मैरिज हाल में ऑल इंडिया मुशायरा कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

..जिन्दगी दी है तो जीने का हुनर भी देना

तरूणमित्र न्यूज

करमा, सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के पगिया स्थित एमए मैरिज हॉल परिसर में रविवार को ऑल इंडिया मुशायरा कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि सांसद छोटेलाल खरवार ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम के शुरुआत में नदीम फारूक ने मुशायरा पेश किया। जिंदगी दी है तो जीने का हुनर भी देना। हिंदुस्तान तेरा है ना मेरा है हिंदुस्तान सबका है जैसे गीतों को पेश करते हुए कहा कि सबके दिल में हिंदुस्तान होना चाहिए।

जैसे गीतों पर बाहबाही बटोरी ।वीर रस के शायर अपूर्व विक्रम शाह ने पहलगाम में बलिदानों और उस समय की परिस्थितियों को शेरो शायरी के माध्यम से सबको ओत प्रोत कर दिया उन्होंने शायरी के माध्यम से पहलगाम में हुए हमले पर प्रकाश डाला कहा। बलिदानों की बुनियाद पर हिंदुस्तान बनाया है, तारीख गवाही देगी इस लाल हकीकत की, बलिदानों की बुनियाद पर हिंदुस्तान बनाया है। रावण हम पलने नहीं देंगे इन साधुओं के वेश में, और अफजल नहीं पलने देंगे साधुओं के देश में। जैसे गीत पेश करते हुए इन्होंने हिंदुस्तान की एकता को बरकरार रखने के लिए शेरो शायरी पेश की। अमरोहा सेआ ये निकट अमरोही ने पेश करते हुए कहा ,मेरे सब गीत गजलों पर बौछार करते हैं तमन्नाओं के गुलशन को गुले गुलजार करते हैं।

प्रभु श्री राम सभी से दुनिया में प्यार करते हैं। उन्होंने दहेज गीत पर भी प्रहार किया और आपसी भाईचारा की मिशाल पेश करते हुए कहा हिंदू का घर चले तो मुसलमान रो पड़े, ऐसी शमा बनाओ मेरे देशवासियों जैसे गीत प्रस्तुत की। इलाहाबाद से आए हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी ने भारत की राजनीति पर प्रहार करते हुए अपनी कविता पेश की। जो है पढ़े लिखे वह सब संतरी बने,अपराधी माफियां हैं जो वह मंतरी बने,। जिसने विवाह करके अपनी पत्नी छोड़ दी।

वह अपने देश में प्रधानमंत्री बन गए। जो था खराब सबसे वह अच्छा निकल गया ,झूठों के घर में सच्चा निकल गया। जैसे एक से एक बढ़कर मुशायरा पेश कर ठहाका लगाने के लिए मजबूर कर दिया। बाराबंकी से आए अली बाराबंकी ने कहा, नफरत को मिटा दो सीने से हर प्यार मोहब्बत यार करो , लीलाह हमारे भारत को बदनाम ना करो और कहा मंदिरों में घंटियां बजती हैं तो मस्जिदों में अजान होता है जैसे गीत पेश किया। इसके अलावा जौहर कानपुरी, अल्ताभ जिया, फलक सुल्तानपुरी, चादनी शबनम, रेहान हाशमी,आदि शायरों ने अपना मुशायरा पेश किया। आयोजक कौमी एकता समिति के पदाधिकारियों ने विशिष्ट अतिथियो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक घोरावल रमेश दुबे,राम निहोर यादव,जय प्रकाश पाण्डेय, संजय यादव, जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह, आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन सायर नदीम फारूक ने किया।

ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की हुई बैठक

भदोही। ब्लॉक डीघ में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी ने की। जिसमें सर्वप्रथम सत्येन्द्र पांडेय के द्वारा सभी का स्वागत किया गया। साथ ही ब्लॉक व ग्राम स्तर पर समितियों के कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शासन के आदेशानुसार ग्राम स्तर पर बाल कल्याण समितियों की बैठक नियमित रूप से करवा कर उसकी सूचना बाल विकास परियोजना अधिकारी के माध्यम से जिले पर भिजवाने के लिए आदेशित किया गया है। बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा बाल संरक्षण के विषय पर जानकारी देते हुए बाल श्रम उन्मूलन, बाल विवाह निषेध पर गठित टास्क फोर्स, बाल शोषण जैसे मुद्दे पर विस्तार से बताया गया। साथ ही उन्होंने बाल संरक्षण में कार्य कर रही इकाइयों के बारे जानकारी देते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, एएचटीयू के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्राम स्तर पर बाल सभा के गठन पर चर्चा की।

एनसीएल ने 5.68 लाख वृक्षारोपण हेतु म0प्र0 राज्य वन विकास निगम के साथ किया एमओयू

तरूणमित्र न्यूज

सिंगरौली/सोनभद्र। सिंगरौली स्थित कॉल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड(एनसीएल) ने 5.68 लाख पौधे लगाने हेतु मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम के साथ एमओयू किया। एनसीएल की मध्य प्रदेश स्थित परियोजनाओं अमलोरी, ब्लॉक-बी, निगाही, दुधिचुआ (मध्य प्रदेश स्थित क्षेत्र), जयंत और झिंगुरदा के खदान क्षेत्र में अधिभार पर 223.64 हेक्टेयर भूमि पर स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे 4 साल तक उनकी देखभाल की जाएगी।

इस दौरान एमओयू पर मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम की ओर से सम्भागीय प्रबंधक रीवा-सीधी परियोजना मण्डल राकेश कोडापे तथा एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (पर्यावरणध्वन) राकेश कुमार ने हस्ताक्षर किए द्य इस अवसर पर एनसीएल के उप प्रबंधक (पर्यावरण) डी. के. सैनी, एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि एनसीएल ने हरित आवरण को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2025-26 में 500 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 6 लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। एनसीएल ने स्थापना से लेकर अभी तक 2.82 करोड़ पौधे लगाए हैं एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु डंप पुनर्स्थापना, पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली, इको पार्क का निर्माण जैसे अनेक कार्य कर रही है।

महिला ने दिखाया साहस, सर्प को क़ैद कर पहुंची अस्पताल

तरूणमित्र न्यूज

लालगंज, मीरजापुर। कभी-कभी आम जिंदगी में असाधारण साहस देखने को मिल जाता है, जो पूरे समाज के लिए मिसाल बन जाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है पर्शिया गांव की 50 वर्षीय महिला गीता देवी का, जो साँप के काटने के बाद न सिर्फ घबराई नहीं, बल्कि काटने वाले साँप को एक डब्बे में बंद कर खुद इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच गईं। उनके इस साहसिक कदम की पूरे इलाके में चर्चा हो रही है।

रविवार रात गीता देवी अपने घर में बैठी थीं तभी अचानक एक साँप ने उन्हें काट लिया। परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। लेकिन गीता देवी ने स्थिति को समझदारी से संभाला। उन्होंने साँप को डिब्बे में बंद किया और तत्काल अस्पताल की ओर रवाना हो गईं। अस्पताल में तैनात डॉक्टर पंकज कुमार साँप और पीड़िता को एक साथ देखकर आश्चर्यचकित रह गए। जांच के बाद यह पता चला कि साँप विषैला नहीं था। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गीता देवी को घर भेज दिया। गीता देवी ने बताया कि मैंने पहले सुना था कि हर साँप जहरीला नहीं होता। इसलिए सोचा कि अगर डॉक्टर साँप को देखेंगे तो सही इलाज कर पाएंगे।

डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि यह महिला जिस साहस और सूझबूझ के साथ अस्पताल पहुँची, वह काबिल-ए-तारीफ है। साँप को साथ लाने से हमें तुरंत यह पता चल गया कि विष नहीं फैला है, जिससे अनावश्यक एंटी-वेनम का प्रयोग टालकर उचित इलाज किया जा सका।घटना के बाद गीता देवी की पूरे गांव में चर्चा हो रही है। लोग उन्हें एक साहसी और जागरूक महिला के रूप में देख रहे हैं।

उनका यह कदम समाज को यह सिखाता है कि घबराने की बजाय समझदारी और साहस से काम लिया जाए तो संकट के समय भी जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है।

अनियंत्रित बाइक सवार सहित दो घायल, एक मंडलीय चिकित्सालय रेफर

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रतेह गांव में रविवार रात आठ बजे के करीब बाइक सवार दो लोग अनियंत्रित होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया। जहां गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के पियरी गांव निवासी 45 वर्षीय सत्यसेन हलिया क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी अपने रिश्तेदार 40 वर्षीय नरेंद्र को बाइक से उनके घर छोड़ने के लिए जा रहे थे। जैसे ही हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित रतेह गांव में पहुंचे कि अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े। ग्रामीणों ने एंबुलेंस सेवा 108 पर फोन कर दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। गंभीर रूप से घायल बाइक चालक सत्यसेन की आंख में आई गंभीर चोट को देखते हुए डा. विमल कुमार ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं बाइक पर पीछे बैठे नरेंद्र का प्राथमिक उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया।

लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं का भाजपा सरकार कर रही है राजनीतिकरण

भदोही। कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर दयाशंकर पांडेय ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता विपक्ष लोकसभा राहुल गांधी के निर्देश पर 2025 को संगठन का वर्ष घोषित किया गया है। आने वाले 100 दिनों के भीतर संगठन का कार्य पूर्ण करना है।

उक्त बातें श्री पांडेय सोमवार को नगर में स्थित कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि जिसमे से 20 दिन बीत चुके हैं। वैसे भदोही जिले में जिस तरह से समर्पण के साथ लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। उम्मीद है संगठन निर्माण का लक्ष्य समय से पहले ही पूर्ण हो जाएगा। श्री पांडेय के साथ ही जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी व पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.राजेंद्र दुबे ने कहा कि देश में सत्ता पर आसीन भाजपा की सरकार लगातार लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिकरण कर रही है। यह देश बांटने वाली सोच से नहीं बल्कि संविधान से चलेगा। इसलिए कांग्रेस लगातार पूरे देश भर में संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन कर रही है। 15 जून को कांवल ज्ञानपुर में तथा 22 जून को औराई में संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन होगा।

ब्रिटिश जमाने में बना बैरक मिशनरी का डीएम-एसपी ने किया अवलोकन

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। दुद्धी क्रिश्चियन चर्च स्थित ब्रिटिश जमाने का बना बैरक मिशनरी का सोमवार को तहसील समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने संयुक्तरूप से अवलोकन किया। इस दौरान डीएम और एसपी ने पास्टर मिथलेश मसीह एवं अभिषेक कुमार बाबा से इसके बारे में जानकारी ली तो बताया गया कि ब्रिटिश जमाने में वर्ष 1862 के दौरान प्रोटेस्टेंट समुदाय के लिए चर्च का निर्माण हुआ था जो अब धीरेदृ धीरे बेहतर स्थिति में है। इसी कैम्पस में 18 सदी के आसपास बना बैरक मिशनरी, जहां से चर्च ऑफ इंग्लैंड के दिशा निर्देश में दुद्धी स्टेट को गंडेबिया एक्ट के तहत गवर्न किया जाता था। साथ ही यहां ईसाई मिशनरी के लोग रहा करते थे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुरानी धरोहर बैरक मिशनरी के जीर्ण शीर्ण स्थिति को देखा जहां ईंटों की भस्सी से चुनाई कर मोटी दीवार बनाई गई है। जिसकी ढलाई कीमती और मजबूत लकड़ियों के सहारे की गई थी, जिसकी दीवार आज भी मजबूत है। दो फ्लोर में बने करीब आधा दर्जन कमरों एवं हाल के छत गिर चुके है। अवलोकन के दौरान हाकिमों ने अपने मोबाइल में फोटो भी कैद की। अधिकारियों ने पुराने डॉक्युमेंट्स भी मांगे है जिससे भविष्य में इसके बारे में कुछ विचार किया जा सके।

सूचना- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मै अजीत कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम विलास निवासी 436 फैजाबाद रोड ग्राम भादी पर0 अंगुली, तह0 शाहगंज, जिला जौनपुर का बैनामा डिड न0 6476 तारीख 18.07.2019 का मूल दस्तावेज कही रास्ते में गुम हो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा।

प्रार्थी- अजीत कुमार गुप्ता

शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 93 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 21 का किया गया निस्तारण

मीरजापुर। शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समधान दिवस का अयोजन किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियों की समस्याओ को सुना गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 93 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 21 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियों को इस आशय से प्रेषित किया कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरियादियों को बार-बार तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े अतएव अधिकारी पूर्ण निष्ठा के साथ फरियादियों की समस्याओ को सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। अधिकांश शिकायतें निजी भूमि अथवा रकबा हो लेकर प्राप्त होने जिलाधिकारी ने कानूनगो व स्थानीय लेखपालो की टीम बनाते हुए निर्देशित किया कि पैमाइश कराते हुए प्रार्थना पत्रो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होने सच्चिदानंद जायसवाल लेखपाल बिरोही के गलत वरासत किए जाने पर शो-काज नोटिस जारी करते हुए मुख्यालय सम्बद्ध किया गया।

ग्राम हरगढ़ को तालाब से जोड़ने के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने एमसीडी, नायब तहसीलदार एवं खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तालाबों का कलस्टर बनाते हुए भरने की प्रक्रिया है उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलो में यथा-तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 68 प्रार्थना पत्रो में से 02 का नितस्तारण, तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह के समक्ष प्राप्त 84 प्रार्थना पत्रो में 5 का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में प्राप्त 97 प्रार्थना पत्रो में मौके पर 9 का निस्तारण किया गया। तहसील सदर में अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा, तहसीलदार तरूण प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

आवागमन के लिए समाधान दिवस में लगाई गुहार

दुद्धी, सोनभद्र। कनहर सिंचाई परियोजना मुख्य बांध स्पिल्वे पर से बीते कुछ दिनों से आवागमन बंद होने से कई गांव के लोगों को काफी दिक्कत हो रही है।पुनः आवागमन बहाल करने को तथा पूर्व में कनहर नदी पर बने रपते को सही करा कर आवागमन बहाल करने को लेकर आधा दर्जन ग्राम प्रधानों ने ग्राम प्रधान उदय पाल के नेतृत्व में समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर मांग किया है।ग्राम प्रधान उदय पाल,गरीबा पाल,सरिता देवी, इंद्रजीत आदि ने शिकायती पत्र में अबमवगत कराया कि बांध से आवागमन बंद होने से अमवार की दूरी करीब 45 किलोमीटर पड़ जाती है वही दुद्धी तहसील ,कचहरी,ब्लाक तथा बच्चो को महाविद्यालय जाने में 35 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है।

रजिस्ट्री कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर डीएम से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल, मिला कार्यवाही का भरोसा

तरूणमित्र न्यूज

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी तहसील स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता को लेकर आंदोलित अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को जिलाधिकारी बी एन सिंह से मुलाकात किया। दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, सिविल बार एसोसिएशन प्रभु सिंह, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रामपाल जौहरी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने डीएम को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्ट्रार द्वारा मनमानी ढंग से बैनामा एवं दान पत्र का पंजीकरण किया जा रहा हैं। रजिस्ट्री कार्यालय में प्राइवेट व्यक्तियों को बैठाकर मनमानी वसूली करायी जाती हैं और जो मुँहमाँगा रकम नही देता हैं उसे कुछ न कुछ कमियाँ बताकर वापस कर दिया जाता हैं। जब उसी बैनामा या दान पत्र को अन्य कोई जाकर मुँहमाँगा रकम देता हैं तो उसका बैनामा कर दिया जाता हैं। इस संबंध में अधिवक्ताओं ने 6 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी महोदय को सौप कर रजिस्ट्रार को पद से हटाकर निष्पक्ष जाँच कराए जाने की मांग की हैं।

जिलाधिकारी महोदय ने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि रजिस्टर की जाँच कराकर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर राजस्व न्यायालयों एवं कार्यालयों की समस्याओं को लेकर दुद्धी एसडीएम जाँच कर एक सप्ताह के अंदर समाधान करेंगे। इसके पूर्व अधिवक्ताओ ने संयुक्त बार की बैठक की। बैठक में रणनीति तय करने के बाद कचहरी परिसर से भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे जहाँ जमकर नारेबाजी करते हुए रजिस्ट्रार को हटाने की मांग रखी।

बाढ़ नियंत्रण के दृष्टिगत अन्तर्राज्यीय अधिकारियों की बैठक में बनाई गई रणनीति

मीरजापुर। मण्डलायुक्त रीवा संभाग, रीवा (मप्र) की अध्यक्षता में संयुक्त बांद नियन्त्रण समिति की अन्तर्राज्यीय बैठक मध्य प्रदेश के रीवा मण्डल एवं उत्तर प्रदेश के विन्ध्याचल मण्डल के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियो के साथ आयुक्त कार्यालय के सभागार में वीडियो कान्फेसिंग (जूम) के मध्यम से आयोजित की गयी, बैठक में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल उत्तर प्रदेश बालकृष्ण त्रिपाठी द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इस बैठक में जनपद मीरजापुर के अदवा, सिरसी एवं मेजा जलाशय से वर्षाकाल में पानी छोड़े जाने पर टोन्स एवं बेलन नदी के संगम स्थल पर स्थित रीवा जनपद के त्योथर तहसील के कई क्षेत्रो के प्रभावित होने पर विस्तृत से चर्चा की गयी। मध्य प्रदेश के अधिकारियों द्वारा यह अपेक्षा की गयी की मेजा एवं अदवा बाँध से 80,000 क्यूसेक से अधिक पानी बाँधो से एक साथ न छोड़ा जाए। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश विन्ध्याचल मण्डल के अधिकारियों द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि यथा सम्भंव एक साथ इन बाँधो से इतना पानी नहीं छोड़ा जायेगा।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मछलीशहर, जौनपुर

सामग्री आपूर्ति अल्पकालीन निविदा

पन्द्रहवां वित्त/ चतुर्थ राज्य वित्त/ योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले कार्य स्थलों पर सामग्री आपूर्ति हेतु दरें आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूतिकर्ता दिनांक 09.06.2025 से दिनांक 22.06.2025 तक कार्यालय अवधि में सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी दरें बन्द लिफाफे में खण्ड विकास अधिकारी मछलीशहर, जौनपुर कार्यालय में प्रस्तुत करें। निविदा दिनांक 22.06.2025 को अपराह्न 03.00 बजे खोली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्न है।

क्र. सं.	ग्राम पंचायत का नाम	परियोजना का नाम	ल0Xचौ0 मी0 में	सामग्री का नाम
1	बरेठी	ग्राम पंचायत बरेठी में मेन रोड से होते हुए मंदिर के बगल से हीरालाल यादव के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य।	150	ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, बालू व अन्य सामग्री
2	जमालपुर	ग्राम पंचायत जमालपुर में पिच रोड के बगल से होते हुए नामवर सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	200	ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, बालू ह्यूम पाइप व अन्य सामग्री
3	बरेठी	ग्राम पंचायत बरेठी में अच्छेलाल यादव के चक से होते हुए गुलाबचन्द यादव के चक तक भूमिगत नाली निर्माण।	150	ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, बालू ह्यूम पाइप व अन्य सामग्री
4	राजेपुर	ग्राम पंचायत राजेपुर में फुन्नू धरिकार के बगल से कन्नौजिया बस्ती से होते हुए मुस्लिम बस्ती तक इण्टरलॉकिंग निर्माण	150	ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, बालू व अन्य सामग्री
5	जमालपुर	ग्राम पंचायत जमालपुर में पिच रोड के बगल से होते हुए रामजीत यादव के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	120	ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, बालू व अन्य सामग्री
6	पूराफगुई	ग्राम पंचायत पूराफगुई में मेन रोड के बगल से होते हुए परी किल्निक तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	100	ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, बालू व अन्य सामग्री
7	जमालपुर	इण्टरलॉकिंग से नाला तक भूमिगत नाली निर्माण।	120	ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, बालू व अन्य सामग्री
8	सरायदेवा	पिचरोड से होते हुए राकेश यादव के घर तक भूमिगत नाली निर्माण।	250	ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, बालू व अन्य सामग्री

नियम व शर्तें:-

1. आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
2. वह जी0एस0टी0 दाता हो, जिसका विवरण संलग्न करना अनिवार्य है।
3. टेण्डर निविदा हेतु गठित समिति द्वारा निस्तारित किया जायेगा।
4. आपूर्तिकर्ता को नियमानुसार जी0एस0टी0 जमा करना होगा।
5. आपूर्तिकर्ता को मात्रा एवं आपूर्ति के सम्बन्ध में अन्य शर्तें, जानकारी खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय मछलीशहर, जौनपुर में किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।
6. आपूर्ति आदेश देने के सात दिन के अन्दर आपूर्ति नहीं देने पर आपूर्ति देने का अधिकार समाप्त हो जायेगा।
7. निविदा प्रक्रिया में विकास खण्ड कार्यालय के कर्मचारियों, अधिकारियों, ब्लॉक प्रमुख के परिवारों, रिश्तेदारों द्वारा भाग नहीं लिया जायेगा।
8. टेण्डर फार्म 500 रूपये नकद जमा कर विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
9. पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृत दरों से अधिक की दर मान्य नहीं होगी।
10. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति में निहित होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
मछलीशहर, जौनपुर

पत्रांक: 165/टेण्डर/विज्ञापन/ 2025-26 दिनांक-09.06.2025

दुल्हे की नकली आंख का पता लगते ही टूटी शादी

एक आंख बंद कर उंगली गिनवाने पर खुली पोल, हंगामा

जौनपुर। जिले के बरसठी थाना क्षेत्र में दूल्हा की आंख को लेकर शादी टूट गई। मंडप में बैठे दूल्हे की एक आंख कैमरे की लाइट से चमक गई। इस पर हंगामा खड़ा हो गया। औरतों ने एक आंख बंद कराकर उंगली गिनवाई, लेकिन दूल्हा नहीं गिन पाया। इस पर हंगामा खड़ा हो गया।

लड़की के घर वालों ने पुलिस बुला ली। रात भर पंचायत चली। डेढ़ लाख हर्जाना देने के बाद मामला शांत हुआ। बारात वापस चली गई। दूल्हे के पिता ने कहा कि बेटे ने पत्थर की आंख नहीं लगाई थी। वह लेंस लगाए हुए था। जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर बरसठी का मलई गांव। यहां के रहने वाले राम सेवक ने अपनी बहन की शादी मछलीशहर के निजामुद्दीनपुर गांव के रहने वाले पिंटू गौतम बेटे जगमोहन से तय की। पांच महीने पहले शादी फिक्स तहुई। आठ जून को बारात आई। लड़की के भाई राम सेवक ने बताया कि इससे पहले हमें यह नहीं पता था कि दूल्हा एक आंख से अंधा है। हम लोग शादी की तैयारी में जुटे थे। कल सुबह से घर पर बारात के स्वागत की तैयारी चल रही थी। दहेज में देने के लिए सारा सामान आ चुका था। घर में मेहमान और जानने वाले आए गए थे। खाना, नाश्ता बन चुका था। सारी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी थी। शाम तीन बजे मछलीशहर से बारात आई। करीब 150 बाराती आए थे। हमने बारातियों को नाश्ता कराया। रिश्तेदार द्वार पूजा की तैयारी में जुट गए। हम लोगों ने बारात का स्वागत फूल माला से किया। सभी बारात खाना खाए। फिर मंडप में सिंदूरदान की तैयारी चलने लगी। शादी के लिए मंडप में लड़का-लड़की आए। पंडित जी ने मंत्र शुरू किया। तभी कैमरा मैन की लाइट दूल्हे की आंख पर पड़ी। उसकी आंख चमकने लगी। तभी एक महिला को शक हुआ। उसने घर वालों को ये बात बताई। घर वालों ने लड़के को पास बुला कर चेक किया। उसकी एक आंख बंद कराकर उंगली की गिनती कराई तो पता चला लड़का एक आंख से नहीं दिखता है। वह पत्थर की आंख लगा कर यहां आया था। जब शादी तय हो रही थी तो लड़के के पिता ने हमे यह नहीं बताया था कि लड़का एक आंख से नहीं देख सकता है। जब हम देखने गए तो लग नहीं रहा था कि लड़का देख नहीं सकता। हमारे साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। मेरी बहन की जिंदगी खराब हो जाती। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। हम लोग चाहते हैं। शादी में जितना खर्च हुआ ये लोग दे दें। हम शादी नहीं करेंगे। दूल्हे के पिता पिंटू गौतम ने बताया कि लड़की के वाले हमारे घर 10 बार गए। इन लोगों ने उसे देखा।

तब इनको देखना चाहिए था। इनकी बहन भी मेरे बेटे को देखने गई थी। तब इन लोगों को क्यों पता नहीं चला। हमने इनको यह बात नहीं बताई थी कि मेरा बेटा एक आंख से नहीं देख सकता है। वह पत्थर की आंख नहीं, बल्कि लेंस लगाए था। अब यह लोग शादी से मना कर रह रहे हैं। इन लोगों को पहले देखना चाहिए था। मेरे पास इतना पैसा नहीं है कि इनको पैसा दे सकूं। न तो हर्जाना दे सकता हूं।

फार्मर रजिस्ट्री प्रकरण में डीएम का आदेश हवा-हवाई, किसान परेशान

ब्यूरो चीफ की खास रिपोर्ट

जौनपुर। जिलाधिकारी के रूप में डा. दिनेश चन्द्र की कार्यशैली जनपद वासियों के लिए समूचे क्षेत्र में पारदर्शी एवं उपयोगी भले हो लेकिन तहसील के कर्मचारियों की लापरवाही से फार्मर रजिस्ट्री के लिए खतौनी में अशुद्धि को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। किसान कलेक्ट्रेट का चक्रमण करते देखे जा रहे हैं। अगर धारा 38/2 की बात करें तो कितने किसान खतौनी में संशोधन को लेकर मुकदमा करेंगे तब उनकी खतौनी शुद्ध हो सकेगी यह सोचनीय बिन्दु है। यों तो इस नाम के कई जिलाधिकारी में आये अपनी प्रशासनिक सेवाओं से जनपद को लाभान्वित भी किये लेकिन वर्तमान जिलाधिकारी के नाम के आगे डाक्टर लगना जनपद वासियों का परम् सौभाग्य है। यद्यपि कि जिलाधिकारी वर्तमान में हर क्षेत्र में अपनी प्रशासनिक क्षमता का प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। वर्तमान में आपका फोकस बैंकों के प्रति सीएम युवा उद्यमिता को ज्यादा प्रोत्साहित करने का है जाहिर सी बात है इससे बेरोजगारी घटेगी सरकार की प्राथमिकता वाला कार्य भी होगा। बता दें कि जिलाधिकारी का सबसे प्रमुख उत्तरदायित्व जनपद में हर क्षेत्र की विकास योजनाओं में गुणवत्ता पूर्ण सुधार हो सरकार की प्राथमिकता वाली योजनायें ग्रामीण स्तर के निचले पायदान तक पहुंचे चाहे शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा एवम आमजनों से जुड़ी कोई भी समस्या हो।

यह कहना यहां प्रासंगिक होगा कि हर क्षेत्र के कार्यों में अपनी व्यापक हनक दिखाने वाले वर्तमान जिलाधिकारी के यहां खुद चिराग तले अंधेरा विद्यमान है चाहे तहसील कर्मचारियों का प्रकरण हो या फिर जिलाधिकारी की सुरक्षा में लगे

जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र।

उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस की सेवाओं का सन्दर्भ हो कहीं किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही पारदर्शी नजर नहीं आती सब मामले में लीपापोती बदस्तूर जारी करते हुए शासन को भ्रामक सूचनाएं समयबद्ध तरीके से प्रेषित कर सिर्फ प्रशासनिक बचाव का उपक्रम किया जाता है। विभिन्न विकास खण्डों में तैनात ग्राम विकास अधिकारियों की कार्यशैली और ग्राम प्रधानों की मिली भगत से सरकारी धन का किस तरह बन्दर बांट किया जाता है। संभवत: इस पर कभी प्रशासनिक मंथन ही नहीं किया जा सका यह गंभीर प्रकरण है इसपर प्रभावी कार्रवाई किया जाना जनहित के सरोकारों से जुड़ा अहम मसला है। तहसीलों में राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों की कार्यशैली भी प्रशासनिक क्षमता में अवरोध पैदा करने के संकेत है। कलेक्ट्रेट परिसर में लम्बे अर्से से एक ही पटल पर जमें मलाई काटने वाले कर्मचारियों पर भी प्रशासनिक कार्यवाही में व्यापक हस्तक्षेप एक ज्वलंत और समसामयिक मुद्दा है जिसपर चिन्तन मनन अवश्य होना चाहिए। कलेक्ट्रेट परिसर में फरियादियों को असुविधा न हो इस पर विचार होना चाहिए।

पिता-पुत्र की गोमती में जल समाधि, एक की मिली लाश

चंदवक। स्थानीय थाना क्षेत्र के पतरही चौकी अंतर्गत ग्राम पड़रक्षा के पास स्थित गोमती नदी में पिता पुत्र के डूबने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस नविको के सहयोग से जाल के माध्यम से खोजबीन में लगी हुई है। जानकारी के लिए बताते चलें कि पड़रक्षा गांव निवासी 35 वर्षीय तेज प्रताप उर्फ सोनू अपने पुत्र छह वर्षीय पुत्र वीर प्रताप सिंह व व भांजा आर्यन के साथ लगभग समय करीब 3:00 के आसपास गोमती नदी में स्नान करने गए थे। पिता पुत्र स्नान कर रहे थे। भांजा दूर बैठा हुआ था नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए जिसकी सूचना उनके भांजे आर्यन सिंह ने दी। जानकारी होते ही लोगों ने 100 नंबर डायल किया। मौके पर पहुंचे पतरही चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र दत्त मल्लाहों के सहयोग से जाल डालकर लाश बरामद करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक बच्चे की लाश मिल चुकी है, जब की पिता की खोजबीन जारी है।

भारतीय किसान यूनियन ने खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

महराजगंज। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे सरकारी कृषि केन्द्रों पर खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयां उपलब्ध कराया जाय, सभी ग्राम सभाओं में इण्डिया मार्का हैण्डपम्प की मरम्मत करायी जाय। सभी ग्राम-सभाओं में टूटी हुई चकमार्गो की मरम्मत करायी जाय, प्रत्येक ग्राम सभाओं में फागिंग कराया जाय, महराजगंज बाजार में सुलभ शौचालय बनवाया जाय। प्रत्येक ग्राम सभा में मनरेगा के अंतर्गत हुई धांधली की जांच कराई जाए। गरीब पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाया जाय। इस दौरान तहसील अध्यक्ष डा. मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष लाल चंद्र यादव, बड़े लाल यादव, राम कैलाश, राम आसरे, निर्मला, मालती, सुशीला, मंजू, ज्ञानेंद्र आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष को पितृ शोक

बदलापुर। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कर्मठ युवानेता राकेश मिश्र के पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का ताँता लगा हुआ है। सोमवार को बदलापुर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने उनके पैतृक आवास खुटहन के डिहिया गांव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को सांत्वना देते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बदलापुर कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष कमला प्रसाद तिवारी बड़े बाबू ने कहाकि उपाध्यक्ष के पिता श्यामकार्तिक मिश्र एक सहज एवं सरल स्वभाव के थे। व्यक्तित्व के धनी होने के साथ साथ दूसरों के सुख दु:ख में हमेशा साझा करना उनकी प्राथमिकता में था। ईश्वर से प्रार्थना है कि ऐसे व्यक्तित्व को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के उत्तर प्रदेश विचार विभाग महासचिव जयशंकर दुबे, महात्मा शुक्ल, बबलू गुप्ता, बाबूराम यादव, मुंशी रजा सहित अन्य उपस्थित रहे।

ऑपरेशन सिंदूर भारत सैन्य शक्ति की बनी पहचान : विद्यार्थी

जौनपुर। शाहगंज तहसील अन्तर्गत खलीलपुर गांव में सेनानी प्रवेश द्वार से सैनिक सम्मान के लिए निकाली गई तिरंगा प्रस्थान में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथि युवा नेता विजय सिंह विद्यार्थी ने पाक की करतूत को उसके कर्मों का फल बताया। जिसने आतंकवादियों को भेजकर पहलगांव में निर्दोष पर्यटकों को मार डाला। भारत की कार्यवाही से जहां आतंकवाद के ठिकाने ध्वस्त हुए वही पाक को कटोरा लेकर विश्व में मददगार ढूंढने को विवश होना पड रहा है। डा. देवेन्द्र कुमार सिंह ने सैनिक सम्मान तिरंगा प्रस्थान को उत्कृष्ट समाज सेवा बताया। शिक्षक नेता के पी सिंह चौहान ने आतंकवाद को मानवता एवं दुनियां के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। राकेश सिंह ने आतंकवाद पर कडे कानून, आतंकवाद पोषित देश पर पूर्ण प्रतिबंध और ठोस कार्यवाही की जरूरत बताई। ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने पहलगांव की घटना और भारत की सैन्य कार्रवाई की खूली छूट कार्यक्रम ने नये भारत को सशक्त भारत की श्रेणी में ला दिखाया जिसे दुनिया ने देखा और माना भी। इस मौके पर काशी से पधारे गाँव क्षेत्र के ज्योति गोस्वामी (छोटू महराज) गुरूजी भी उपस्थित होकर अपना आशीष प्रदान किया।

दो वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

जौनपुर। थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा एक वारन्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना रामपुर पुलिस द्वारा वारटी अभियुक्त बद्री यादव पुत्र चन्द्र बली यादव निवासी रामपुर थाना रामपुर जनपद को नियमानुसार उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए सम्बन्धिंत न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी टीम का विवरण बाबूराम बिन्द थाना रामपुर। कांस्टेबल सोनू यादव इसी तरह आदि शामि रहे। थाना बक्शा पुलिस टीम द्वारा एक वारन्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार- थाना बक्शा पुलिस द्वारा न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानतीय वारन्ट के क्रम में एक वारन्टी अभियुक्त रामजीत निषाद पुत्र रामपत निषाद निवासी अर्धपुर थाना बक्शा को नियमानुसार उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए सम्बन्धिंत न्यायालय भेजा गया।

जंग लाजिम हो तो लश्कर नहीं देखे जाते.....

जौनपुर। साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था कोशिश की मासिक काव्य गोष्ठी बाबू रामेश्वर प्रसाद सिंह सभागार रासमंडल में आयोजित हुई। अवसर था दिवंगत साहित्यकार पी.सी. विश्वकर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर परिचर्चा और उन्हें काव्यात्मक भावान्जलि अर्पित करना। अध्यक्षता करते हुए ख्यात व्यंग्यकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर को समावेशी कवि और शायर बताया और उमकी कृति लफ्ज लफ्ज आईना का जिक्र किया। शायर गिरीश कुमार गिरीश ने उन्हे मानवता और सद्भाव का कवि बताया और कहा-चले आओ तुम्हारी ही कमी महसूस होती है। जनार्दन प्रसाद अष्ठाना पथिक ने उन्हे याद करते हुए कहा-हाथ मले मल-मल पछताए, कुछ न रहा अपना/टूट गया सपना। रामजीत मिश्र ने कहा कि विश्वकर्मा जी का जीवन साहित्य के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपनी अपनी पंक्तियों- कोई न साथ देता, मुसीबत के वक्त में/ वैसे तो बहुत सारे मेहरबान दिख रहे के द्वारा उन्हे याद किया। प्रो. आर.एन. सिंह ने विश्वकर्मा को समकालीन साहित्य का संवेदनशील कवि कहा और उनके जीवन के कई पहलुओं पर प्रकाश डाला। अनिल उपाध्याय ने अपनी क्षणिका के माध्यम से उन्हे याद किया जहां तक हमने तलाशा/विश्वकर्मा रहे। सहजता की परिभाषा/डाक्टर संजय सिंह सागर ने कहा कि मुझे उनकी मोहब्बत मार गई। रमेश चंद्र सेठ आशिक जौनपुरी ने अपनी रचना--याद सताएगी सदा /पर क्या है उपचार। हृदय तसल्ली के लिए/स्मृति है आधार। भावान्जलि दी। अंसार जौनपुरी ने उनके लिए पढ़ा-जंग लाजिम हो तो लश्कर नहीं देखे जाते। सुमति श्रीवास्तव ने जीवन की नश्वरता पर प्रकाश डाला-मन वैरागी हो जाता है/जब कोई अपना जाता है। नंदलाल समीर ने कहा-मैं चिता की आग हूं।

पर यह आग कवि का देह ही जलाती है,उसके कृतित्व को नहीं। कमलेश कुमार ने अपनी रचना से उन्हे भावान्जलि प्रदान की। संजय सेठ ने विश्वकर्मा के सामाजिक जुड़ाव को याद किया। राजेश पांडेय की रचना उनके मत का रसपान करो कवि के योगदान को रेखांकित किया इसअवसर पर रामजीत मिश्र की कृति--दास्तान-ए-उल्फत का लोकार्पण हुआ। डा. विमला सिंह ने आभार ज्ञापित किया। संचालन अशोक मिश्र ने किया।

काव्य गोष्ठी में भाग लेने वाले कविगण।

भतीजी को बेचने के आरोप में चार हिरासत में

शाहगंज। नगर के चिरैया मोड़ के समीप स्थित एक होटल संचालक पर अपने भाई की नाबालिग बेटी को बेचने के सनसनीखेज आरोप के बाद पुलिस ने सोमवार को होटल संचालक समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन कर रही है। करीब 13 माह पूर्व गायब हुई किशोरी के अचानक गांव लौटने पर कोतवाली में किशोरी ने अपने चाचा, चाची, चचेरे भाई और बहन पर उसे एक युवक के हाथों बेचने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, युवक ने उसे दिल्ली ले जाकर कई महीनों तक बंधक बनाकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। चार माह पूर्व आरोपी युवक उसे खुटहन थाना क्षेत्र के सैद पनौली गांव लाया, जहां से वह तरह भागकर गांव पहुंची। किशोरी के पिता की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दिपेन्द्र सिंह कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।

बाइक की चपेट में आकर वृद्ध की मौत, एक घायल

जौनपुर। मीरगंज थाना क्षेत्र के बधवा बाजार पेट्रोल टंकी के पास बाइक की चपेट में आकर वृद्ध की मौत हो गई जबकि बाइक सवार घायल हो गया। बाइक सवार का उपचार अस्पताल में चल रहा है जबकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पड़ोसी जनपद वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के जनक पट्टी गांव निवासी संजय सिंह उम्र लगभग 56 वर्ष पुत्र स्वर्गीय जयंत सिंह सोमवार तीसरे पहर मीरगंज थाना क्षेत्र के बंधवा बाजार पेट्रोल पंप के पास से कहीं जा रहे थे उसी समय बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया। नतीजतन वह गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोग उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाए जहां पर उनकी मौत हो गई। जबकि बाइक सवार भी घायल हो गया उसका उपचार किसी निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया और आगे कार्रवाई करने में जुट गई।

तेज धूप से जन-जीवन हुआ बेहाल

जौनपुर। सोमवार को तेज धूप केसाथ भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल नजर आया। सुबह से लोग गर्मी और उमस से परेशान दिखे। बीच-बीच में आसमान में छिटपुट बादलों की आवाजाही रही लेकिन इससे गर्मी में कोई विशेष राहत नहीं है। इंसानों के साथ पशु पक्षी भी बेहाल नजर आये। पक्षी चोच बाये हांफ रहे हैं। घास चरने वाले जानवर भी हरे चारे की कमी से जूझ रहे हैं।

भीषण गर्मी से जहां पानी की कमी के चलते पशु पक्षी आबादी की ओर रुख कर रहे हैं। पक्षियों के साथ एक समस्या यह भी देखने को मिलती है कि उन्हें भीषण गर्मी के चलते भोजन की कमी की भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि इस समय खेत और खलिहान में किसी फसल की मड़ाई चल नहीं रही है जिस कारण उन्हें अनाज बिखरे नहीं मिलते हैं। दूसरी समस्या यह है कि इस समय गर्मी के चलते जमीन में नमी बहुत कम हो गई है। चूंकि नमी वाली जमीन में ही कीड़े मकोड़े फलते फूलते हैं। जमीन में नमी न होने के कारण इनकी संख्या भी बहुत घट गई है। ऐसे में हमें घरों के आस-पास तथा छायादार स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी तो रखना ही चाहिए साथ -साथ अनाज भी बिखेर देने चाहिए क्योंकि परिंदे प्यास के साथ- साथ भूख से भी व्याकुल चल रहे हैं।

घर-घर पहुंचायें ध्यान एवं प्राणायाम : अचल हरीमूर्ति

जौनपुर। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के क्रम में अधिक से अधिक योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। पतंजलि योग समिति और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न तहसीलों के साथ ब्लाक एवं न्याय पंचायत स्तर पर योग प्रशिक्षण शिविरों को आयोजित किया जा रहा है। लोहिया पार्क स्थित परिसर में योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करते हुये पतंजलि योग समिति उत्तर प्रदेश के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति ने बताया कि आज रोगों का प्रसार अपने चरम सीमा पर पहुंच गया है और जन-जन तक योगाभ्यास को पहुंचाकर ही रोगों पर लगाम लगाया जा सकता है। मनोदैहिक स्वास्थ्य को ध्यान और प्राणायामों के माध्यम से ही संतुलित किया जा सकता है, इसलिये हर व्यक्ति को सुव्यवस्थित ढंग से इस विधा में पारंगत होकर स्वयं के स्वास्थ्य को सर्वोत्तम बना सकता है। मानसिक असंतुलन के कारण बहुत ही कम उम्र के बच्चों में बढ़ती नशा की लत बहुत ही चिंताजनक है। यदि बचपन से ही बच्चों को आसन, ध्यान और प्राणायामों का नियमित अभ्यास कराया जाये तो ऐसी समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। श्री हरीमूर्ति ने बताया कि लम्बे समय तक ध्यान और प्राणायामों के अभ्यासों से शरीर के भीतर सभी तंत्रों में आक्सीजन और रक्त का प्रवाह बहुत ही सुगमतापूर्वक होने लगता है।

साथ ही मन, चित्त, चेतना और भावनाओं को पूरी तरह से संतुलित हो जाता है, इसलिए भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उद्गगीथ प्राणायामों के साथ लम्बे समय तक ध्यान और प्राणायामों के अभ्यासों से पाचन तंत्र और श्वसनतंत्र के साथ सभी तंत्रों पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक अरविन्द यादव, अर्जुन सिंह, त्रियंबकम मिश्रा, विकास यादव, दीपक मौर्य, सुप्रिया, क्षमा सिंह, एसके यादव, राजन सिंह, विरेन्द्र यादव, डा. नरेन्द्र यादव, रजनी साहू, रामलवट यादव, कृष्ण कुमार, विवेक तिवारी, बीरा यादव, विवेक तिवारी सहित तमाम योग शिक्षक उपस्थित रहे।

अपना दल एस ने क्रान्तिकारी योद्धा बिरसा मुंडा का मनाया शहादत दिवस

जौनपुर। बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय महराजगंज में अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने आदिवासी क्रांतिकारी योद्धा बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि मनायी। मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष राज नरायन पटेल ने कहा कि बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के लिये प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने समाज को एकजुट होकर हितों की रक्षा के लिये काम करने का आह्वान किया। जल-जंगल-जमीन के लिये संघर्ष किया। उन्होंने याद दिलाया कि आदिवासी क्रान्तिकारी योद्धाओं ने समाज के अधिकारों के लिये युवावस्था में ही अपना बलिदान दिया था। इन्हीं बलिदानों की वजह से आज आदिवासी समाज प्रगति कर रहा है। उन्होंने समाज के अधिकारों के लिए एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सुशील सिंह, शोभनाथ पटेल, राधेश्याम सरोज, राजाराम सरोज, मोहम्मद इस्माइल, लालचन्द पाल, रमेश गौतम, ओम प्रकाश प्रजापति, पंकज बिन्द सहित तमाम लोग मौजूद है।

पीडीए विचारधारा ही नहीं एक आंदोलन है : राकेश मौर्य

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आज 11 बजे दिन सांसद कार्यालय शुक्ला ट्रांसपोर्ट की गली नईगंज में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिला महासचिव आरिफ हबीब ने बैठक में प्रदेश से आए प्रपत्र एवं एजेंडे से सदन को अवगत कराया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व की मंशानुरूप मतदाता सूची का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेकर बूथ स्तर पर काम करना आवश्यक है। उन्होंने कहाकि सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर पर पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर रिपोर्ट ज़िला इकाई को जरूर दें। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि जिस तरह से लगातार पीडीए समाज का उत्पीड़न किया जा रहा है अब पीडीए समाज को जागरूक एवं एकजुट होना आवश्यक हो गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 की सफलता के लिए जी जान से जुटकर अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करने का आवाहन किया। पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि पीडीए मतलब पीड़ित, दुखी और अपमानित है और अब पीडीए समाज जागरूक होकर अपमान का बदला लेगा।

पीडीए आंदोलन को धार देने के लिए पूरे प्रदेश में पीडीए समाज को जागरूक करने के क्रम में राजीव रत्न मौर्य ने भी अपने ओजस्वी विचार व्यक्त किया। बैठक को पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संगीता यादव, पूर्व प्रमुख रमापति यादव, उपाध्यक्ष गण श्यामबहादुर पाल हीरालाल विश्वकर्मा महेंद्र यादव नैपाल, राजेंद्र यादव टाइगर, उमाशंकर पाल, लाल मोहम्मद राईनी, जिला सचिव गण राजदेव पाल, कमलेश यादव, निज़ामुद्दीन अंसारी, रत्नाकर चौबे, विधानसभा अध्यक्ष गण रामजतन यादव, वीरेंद्र यादव, रामू मौर्य एडवोकेट, नंदलाल यादव, राम अकबाल यादव, सूर्यभान यादव, महासचिव रामयश यादव, पवन कुमार मंडल, फ्रंटल के अध्यक्ष गण दिलीप प्रजापति, आनंद गुप्ता, अशोक नायक, गुड्डू सोनकर, लक्ष्मीशंकर यादव, अजहर रहमान, हरिश्चंद प्रभाकर, प्रेमशंकर यादव, दीपक विश्वकर्मा, आदि ने संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत किए जाने का संकल्प लिया।

पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, रायफल व कारतूस बरामद

जौनपुर। थाना बदलापुर पुलिस ने हर्ष फायरिंग की घटना को गंभीरता से लेते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाइसेंसी रायफल और तीन खोखा कारतूस बरामद किए हैं। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय के कुशल नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस उपनिरीक्षक प्रशांत पांडेय व उनकी टीम ने ग्राम देवरामपुर में कार्रवाई करते हुए आजमगढ़ जिले के दो अभियुक्तों- जगन्नाथ यादव (निवासी पचरुखवा, थाना पवई) और सुनील कुमार राजभर (निवासी सरैना, थाना अहरौला)-को मौके से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने हाल ही में एक निजी कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग की थी। जिससे जनसुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया था। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि हर्ष फायरिंग जैसी घटनाएं न केवल कानून का उल्लंघन हैं। बल्कि यह दूसरों की जान के लिए भी खतरा बन सकती हैं। ऐसे मामलों की सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दें।

साइबर ठगी के 38 पीड़ितों को लौटाए गए 20 लाख

जौनपुर। जिले से एक राहत भरी खबर सामने आई है। यहां साइबर क्राइम थाना की टीम ने बीते दो महीनों में साइबर ठगी के शिकार 38 लोगों को उनका पैसा वापस दिलाया है। साथ ही करीब 25 लाख रुपये कीमत के 101 मोबाइल फोन भी अलग-अलग राज्यों से बरामद कर असली मालिकों को सौंपे गए।

एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने मीडिया से बातचित में बताया कि पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशन में चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत, साइबर क्राइम थाना ने अप्रैल और मई महीने में गुमशुदा मोबाइलों की तलाश में दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और यूपी के कई जिलों में छापेमारी की। हमारा उद्देश्य सिर्फ अपराधियों को पकड़ना नहीं, बल्कि जनता को राहत भी देना है। हमने तकनीक के सहारे मोबाइल और पैसे ट्रेस किए और उन्हें उनके मालिकों तक पहुंचाया। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। और साइबर ठगी से उबरने पर उन्होंने पुलिस का आभार जताया। अगर आपका मोबाइल गुम हो जाए तो तुरंत नजदीकी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराएं और सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत करें। साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या वेबसाइट पर शिकायत करें। जौनपुर की ये साइबर क्राइम टीम आज लोगों के लिए एक मिसाल बन चुकी है। जिस तरह से उन्होंने न सिर्फ लोगों की आर्थिक मदद की बल्कि भरोसे को भी लौटाया वो काबिले तारीफ है।

समाजसेवी की मनाई गई द्वितीय पुण्यतिथि

जौनपुर। देव चिल्ड्रेन स्कूल, चकताली कजगांव के संस्थापक व समाजसेवी वासुदेव यादव की द्वितीय पुण्यतिथि का आयोजन विद्यालय प्रांगण में श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वासुदेव यादव की जीवन यात्रा और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए की गई। वासुदेव यादव पूर्व अंग्रेजी प्रवक्ता, समाजवादी पार्टी के जिला सचिव, जफराबाद विधानसभा अध्यक्ष और ग्राम प्रधान के रूप में सक्रिय रहे। उनके प्रयासों से सैकड़ों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिली और उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहयोग मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य, भाजपा नेता एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल, लाल बहादुर यादव और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव मौजूद रहे। भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि वासुदेव यादव ने शिक्षा के माध्यम से समाज को जागरूक किया और आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने का कार्य किया। पूर्व जिला अध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल ने वासुदेव यादव की स्मृति को नमन करते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने की बात कही। वरिष्ठ समाजवादी नेता रत्नाकर चौबे ने कहा कि एक शिक्षक की भूमिका केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह समाज में बदलाव का वाहक भी होता है, जिसे वासुदेव यादव ने जीवन भर निभाया।

कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री संगीता यादव, समाजवादी पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष शर्मिला यादव, राजमणि यादव, श्यामदेव यादव, सकलदेव यादव, ब्लॉक प्रमुख मंगल शुक्ला, विद्यालय प्रबंधक संतोष मिश्रा, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष अशोक नायक, छात्र सभा के अध्यक्ष दिलीप प्रजापति, धर्मेंद्र सोनकर, आशीष यादव, विकास यादव एवं छात्र नेता सौरभ यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वासुदेव यादव के चारों पुत्र-अनिल, सुनील, अरुण और अनुज-ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता के आदर्श, शिक्षाएं और समाज सेवा के मूल्य सदैव उनके जीवन का मार्गदर्शन करते रहेंगे। वे उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर ने न केवल वासुदेव यादव की स्मृति को जीवंत किया, बल्कि शिक्षा और समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण को उजागर करते हुए आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित किया।

डा. राजेश मौर्य चुने गए लायंस क्लब गोमती के अध्यक्ष

जौनपुर। लायंस क्लब गोमती की चुनावी सभा चुनाव अधिकारी धनंजय पाठक की अध्यक्षता में नगर के एक होटल में संपन्न हुई। जिसमें आगामी सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन किया गया। अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने आगामी सत्र के अध्यक्ष के लिए डा. राजेश मौर्या का प्रस्ताव पेश किया जिसका सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से समर्थन किया।

चुनाव अधिकारी के निर्देश पर डा. राजेश मौर्या ने अपने संक्षिप्त कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें खुशबू गुप्ता को सचिव, नूपुर सिंह को कोषाध्यक्ष, हसनैन कमर दीपू को उपाध्यक्ष प्रथम, शिवकुमार साहू को उपाध्यक्ष द्वितीय, तथा गौरव श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष तृतीय मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी धनंजय पाठक द्वारा उपरोक्त सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में उपस्थित डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष गुप्ता ने सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डा. राजेश के नेतृत्व में क्लब सेवा कार्यों के माध्यम से एक नया मुकाम हासिल करेगी। जोन चेयरपर्सन धीरज गुप्ता ने पूरी कार्यकारणी को बधाई देते हुए पूरे जोश व उत्साह के साथ सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश मौर्य ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ हमें यह जिम्मेदारी सौंप गई है मैं उसे पर खड़ा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा और आप सभी सदस्यों के सहयोग से वर्ष पर्यंत सेवा कार्य चलता रहेगा। बैठक का संचालन सचिव नवीन मिश्रा एवं धन्यवाद व आभार कोषाध्यक्ष डा. रश्मि मौर्या द्वारा ज्ञापित किया गया। बैठक में वीरेंद्र सिंह, प्रतिमा गुप्ता, डा. सरला गुप्ता, संतोष साहू, देवेश गुप्ता, अनिल अग्रहरि, अनिल कुमार पांडेय, दिनेश जायसवाल, सुनील कश्यप, मंगला साहू, शाहिद हुसैन गुड्डू, डा. नरेंद्र यादव आदि प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

लायंस क्लब गोमती के नवनिर्वाचित पदाधिकारीण।

तरुणमित्र
मंगलवार, 10 जून 2025
संवत- 2081, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 14

भारत को नजरअंदाज करना मुश्किल

कनाडा को आखिरकार जी7 सम्मेलन के लिए भारत को न्योता देना पड़ा। यह नई दिल्ली के बढ़ते वैश्विक कद को दिखाता है। भारत को साथ लिए बिना दुनिया के सबसे ताकतवर और अमीर देशों के लिए भी अपने अजेंडे पर आगे बढ़ना मुश्किल होगा। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी पर खालिस्तान समर्थक संगठनों का बेहद दबाव था कि उसकी अध्यक्षता में होने वाले जी7 सम्मेलन में भारत को आमंत्रित न किया जाए।

कार्नी सरकार ने शुरुआत में अलगाववादियों की मांग के सामने लगभग हथियार डाल ही दिए थे, लेकिन उनके बयान से जाहिर है कि मंच के बाकी सदस्य देश भारत की भागीदारी चाहते थे और इसके चलते कनाडा को झुकना पड़ा। उस पर यह प्रेशर भी होगा कि मेजबान होने के नाते अगर सम्मेलन सफल नहीं रहता है, तो जवाबदेही उस पर आएगी। कार्नी ने खुद स्वीकार किया है कि एनर्जी, एआई, अहम खनिजों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सबसे प्रभावशाली देशों को आमंत्रित करना जरूरी है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे बड़ी आबादी होने के नाते भारत का इस सम्मेलन में होना स्वाभाविक है। यह नई दिल्ली नहीं, इस मंच और बाकी दुनिया के हित में है कि भारत इसका हिस्सा बने। कनाडा ने आखिरी वक्त पर भारत को आमंत्रित किया, वह भी इस मुद्दे पर उठे विवाद के बाद। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे स्वीकार किया और कार्नी को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी। यह भारत के जिम्मेदारी भाव और बड़प्पन को दर्शाता है कि कूटनीतिक तकाजों से अलग उसने हालात के मुताबिक फैसला लिया। पीएम मोदी ने अपने मेसेज में कहा है कि भारत और कनाडा आपसी सम्मान व साझा हितों के मार्गदर्शन में मिलकर काम करेंगे।

इसके मायने हैं कि भारत पिछली कड़वाहट को भुलाकर कनाडा के साथ संबंध सुधारने को तैयार है, लेकिन क्या कार्नी सरकार भी तैयार है? इसके लिए उसे अपने यहां मौजूद कट्टरपंथी और अलगाववादी तत्वों के प्रेशर से बाहर निकलना होगा। भारत को बुलाना भले कनाडा की मजबूरी रही हो, लेकिन अब उसके पास इस अवसर का फायदा उठाने और अपनी गलती सुधारने का मौका है। पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के दौर में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर के चलते जो रिश्ता बिगड़ गया, कनाडा अब उसे सुधार सकता है।

...आज का दिन...

मेष- दिन अशुभ, महत्वपूर्ण कार्यों में विलम्ब, आर्थिक स्थिति में व्यवधान, धनागम में बाधा, आशा के विपरीत, घरेलू समस्याओं से मन व्यथित, धोखे की आशंका।

वृषभ- आकस्मिक लाभ का सुयोग, व्यक्तित्व का विकास, सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर, प्रियजनों से सामंजस्य, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, शांति भी।

मिथुन- पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, विवाद का समापन पक्ष में सुलझने की ओर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, संत समागम।

कर्क- कठिनाइयों का निवारण, उपहार या सम्मान का लाभ, बौद्धिक क्षमता का विकास, जनसम्पर्क उपयोगी, मेल-मिलाप में अभिरुचि, जीवन साथी का सानिध्य।

सिंह- दिनचर्या अव्यवस्थित, पारिवारिक तनाव, अभिलाषा की पूर्ति में व्यवधान, आपसी सम्बन्धों में तनाव, शिक्षा के क्षेत्र में असफलता, विरोधी हानि पहुँचाने में सफल।

कन्या- ग्रहयोग बेहतर, विविध पक्षों में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता, प्रियजनों से सामंजस्य, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, लाभ का मार्ग प्रशस्त, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

तुला- अभिलाषा की पूर्ति का प्रयास, विरोधी परास्त, सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि, कर्ज निवृत्ति का प्रयास सार्थक, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, अध्यात्म में रुचि।

वृश्चिक- किसी योजना का श्रीगणेश, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, सुसमाचार की प्राप्ति।

धनु- पारिवारिक उलझनें, सफलता में व्यवधान, शत्रु से हानि, धर्म में अरुचि, यात्रा निष्फल, नवयोजना अधूरी, आपसी मतभेद, कष्ट भी, सावधानी जरूरी।

मकर- आशाएं फलीभूत, आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु प्रयास सार्थक, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

कुम्भ- ग्रहस्थिति अनुकूल, शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, परोपकार की भावना जागृत, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, संत समागम, यश में वृद्धि।

मीन- व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, विवाद समापन पक्ष में, स्वजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, आपसी सलाह से कामयाबी, सुसमाचार मिलने से हर्ष।

-: श्री विमल जैन :-
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है

वैश्विक स्तरपर पृथ्वी पर विचलित 84 लाख योनियों की काया में यूं तो सभी अंग महत्वपूर्ण है,परंतु हर जीव की आंखें एक ऐसा कुदरत का दिया हुआ अनमोल गिफ्ट है, जिससे पूरी खूबसूरत दुनियाँ को सभी जीव देख सकते हैं, खास करके विशेष अद्भुत बुद्धिजीवी मानव योनि के लिए आंखें तो मानो एक खूबसूरत अद्भुत अंग है जिसके द्वारा वह जीते जी तो अपने परिवार साथियों सहित पूरी दुनियाँ को तो देख सकता है परंतु वह चाहे तो मृत्यु के बाद भी अपनी इन दोनों खूबसूरत आंखों से पूरी दुनियाँ को देख सकता है,बस फर्क केवल इतना है, अपना शरीर त्यागने के बाद वह दूसरे के शरीर से खूबसूरत दुनियाँ को देख सकता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 10 जून 2025 को विश्व नेत्रदान दिवस है, इसलिए हमें समझना होगा कि,आँखों और दृष्टि का हमारें जीवन में बहुत बड़ा महत्व है।

यदि व्यक्ति के जीवन में दृष्टि न हो तो उसके जीने का कोई मतलब ही नहीं होता और उसे प्रत्येक कार्य के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे तो सभी आंखों के महत्व को समझते हैं और इसीलिए इसकी सुरक्षा भी सभी बड़े पैमाने पर करते हैं। हममें से कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दूसरों के बारे में भी सोचते हैं। आंखें ना सिर्फ हमें रोशनी दे सकती हैं बल्कि हमारे मरने के बाद वह किसी और की जिंदगी में उजाला भी भर सकती हैं। लेकिन कुछ लोग अंधविश्वास के कारण, ऑय डोनेशन नहीं करते। उनका मानना हैं कि अगले जन्म में वे नेत्रहीन ना पैदा हो जाएं?। इस अंधविश्वास की वजह से दुनियां के कई नेत्रहीन लोगों को जिंदगी भर अंधेरे में ही रहना पड़ता है। सभी लोगोंको इस बात को समझना होगा और नेत्रदान अवश्य करना चाहिए। हमारा एक सही फैसला लोगों के जिंदगी में उजाला ला सकता हैं। चूँकि नेत्रदान महादान है व नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ अपनी आंखें दान करने का संकल्प लेकर अपनी जिंदगी के बाद दूसरों की दुनियाँ रोशन करें, आत्मा की खिड़की रूपी आंखों को मृत्यु के बाद भी जीवित रखें।

साथियों बात अगर हम भारत में दृष्टिहीन या नेत्रहीन बांधवों का कॉर्नय प्रत्यर्पण कर 1 वर्ष में ही भारत को अंधत्व मुक्त भारत बनाने में सहयोग की करें तो, एक आंकड़े के अनुसार भारत में लगभग 1.25 करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं, जिसमें करीब 30 लाख व्यक्ति नेत्र प्रत्यारोपण के माध्यम से नवदृष्टि प्राप्त कर सकते हैं, आकलन बताता है कि एक वर्ष में देश में जितने लोगों की मृत्यु होती है, अगर सभी के नेत्रों का दान हो जाए तो देश के सभी नेत्रहीन लोगों को एक ही साल में आंखें मिल जाएंगी, मगर लोग नेत्रदान करते नहीं हैं और कार्निया प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची लंबी होती जाती हैं, कोरोना काल में तो नेत्रदान की संख्या और कम हो गई थी, खतरा केवल यही नहीं है, अपनी लापरवाही के कारण दुनियाँ धीरे-धीरे अंधत्व की तरफ बढ़ रही है, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मोतियाबिंद और ग्लूकोमा के बाद कॉर्निया की बीमारियां (आंखों की अगली परत कार्नियाका क्षतिग्रस्त होना) आंखों की रोशनी जाने की प्रमुख वजहें हैं, अंधत्व की समस्या से गुजर रहे 92.9 पेर्सेंट लोगों को अंधा होने से बचाया जा सकता है,इसे प्रिवेंटेबल ब्लाइंडनेस यानी रोका जा सकने वाला अंधत्व भी कहा जाता है, लेकिन मानवीय आदतों, जरूरत होने पर भी आंखों का चश्मा नहीं लगाना, मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं करवाना और ग्लूकोमा की समय-समय पर जांच नहीं करवाने, कंप्यूटर और मोबाइल पर ज्यादा काम करने से अधिकांश लोगों की आंखों को नुकसान पहुंच रहा है, बदलती लाइफस्टाइल, अनियमित दिनचर्या प्रदूषण और बहुत ज्यादा स्ट्रेस होने की वजह से ज्यादातर लोग आंख से जुड़ी समस्याओं का शिकार होने लगे हैं, ऑन लाइन क्लासेस और कंप्यूटर का इस्तेमाल बढ़ने से बच्चों और युवाओं की आंखों में सूखेपन की समस्या बढ़ी है।



आज देश के कई नेत्रहीनों को हमारी आंखें नई रोशनी दे सकती हैं,मगर इसके लिए सबसे पहले हमें जीवित रहते हुए अपनी आंखों और उनकी रोशनी का ध्यान रखना और मृत्यु उपरांत नेत्रदान करना जरूरी है, जिस तरह से हमारी दिनचर्या बिगड़ रही हैं, हमें अपनी आंखों की देखभाल करने के लिए कुछ कार्य जरूर करना चाहिए जैसे, अच्छी दृष्टि के लिए संतुलित आहार का सेवन करें, अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियों, अंडे, फलियों एवं गाजर को अधिक से अधिक मात्रा में शामिल करें, आंखों की सुरक्षा के जतन करें, आंखों के बेहतर स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अपनी आंखों की नियमित जांच कराएं,यदि हम कंप्यूटर और मोबाइल पर लंबे समय तक काम करते हैं तो आंखों का सूखापन बढ़ सकता है।

साथियों बात अगर हम नेत्रदान की प्रक्रिया व पात्रता को समझने की करें तो, भारत में नेत्रदान की प्रक्रिया कैसे काम करती है भारत में नेत्रदान की प्रक्रिया सरल है। (1) नेत्रदान की ओर पहला कदम किसी पंजीकृत नेत्र बैंक में नेत्रदान प्रतिज्ञा पत्र पर हस्ताक्षर करना है। (2) नेत्र बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए फॉर्म में अपनी सभी जानकारी भरें। (3) इसके बाद, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने प्रियजनों को अपने निर्णय के बारे मेंसूचित करें ताकि वे जान सकें कि हमारी मृत्यु के बाद किसे फोन करना है (क्योंकि आंख निकालने की प्रक्रिया मृत्यु के लगभग तुरंत बाद होनी चाहिए)। (4) स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अपनी आंखों की देखभाल करें ताकि दान के समय वे अच्छी स्थिति में हों।

(5) यदि हमने नेत्रदान करने का संकल्प लिया है, तो सुनिश्चित करें कि हमारे प्रियजन मृत्यु के 6 घंटे के भीतर नेत्र बैंक को दान के लिए संपर्ककरें। उन्हेंनिम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करना होगा- (1) निकटतम नेत्र बैंक को कॉल करें। जितनी जल्दी हम कॉल करेंगे, उतना बेहतर होगा। (2) मृत व्यक्ति की दोनों आंखें बंद रखें तथा सूखने से बचाने के लिए नम रुई से ढक कर रखें। (3) हम शव को हवा से दूर बंद कमरे में रख सकते हैं, तथा सुनिश्चित कर सकते हैं कि पंखा बंद हो। (4) यदि संभव हो तो शरीर के ऊपरी आधे हिस्से को लगभग 6 इंच ऊपर उठाएं। (5) जब उपयुक्त कर्मचारी आएं, तो उन्हें आंखें निकालने में 20 मिनट से ज़्यादा समय नहीं लेनाचाहिए।

वे यह भी सुनिश्चित करते हैं कि आंख निकालने के कोई भी निशान न रह जाएं। नेत्रदान के लिए कौन पात्र है? सभी उम्र और लिंग के लोग नेत्रदान के लिए पात्र हैं। यहां तक कि मायोपिया और हाइपरोपिया जैसी अपवर्तक त्रुटियों वाले लोग या मोतियाबिंद की सर्जरी करवाने वाले लोग, उच्च रक्तचाप जैसी अन्य समस्याओं वाले लोग भी अपनी आंखें दान कर सकते हैं। कौन अपनी आंखें दान नहीं कर सकताजिन लोगों को संक्रामक रोग हैं, वेअपनी आंखें दान नहीं कर सकते। नेत्र बैंक के कर्मचारी ऐसी आंखों का उपयोग करने से पहले इन बीमारियों की जांच करते हैं। ये कर सकते हैं नेत्रदान, अधिकतर मामलों में हर कोई नेत्रदान कर सकता है, इसमें ब्लड ग्रुप, आंखों के रंग, आई साइट, साइज, उम्र, लिंग आदि से कोई फर्क नहीं पड़ता है, डोनर की उम्र, लिंग, ब्लड ग्रुप को कॉर्नियल टीश्यू लेने वाले व्यक्ति से मैच करने की कोई आवश्यकता नहीं होती है, जिन रोगियों ने मोतियाबिंद, काला पानी या अन्य आंखों का ऑपरेशन करवाया है, वे भी नेत्रदान कर सकते हैं, नजर का चश्मा पहनने वाले, मधुमेह, अस्थमा, उच्च रक्तचाप और अन्य शारीरिक विकारों जैसे सांस फूलना, हृदय रोग, क्षय रोग आदि के रोगी भी नेत्रदान कर सकते हैं।

कौन नहीं कर सकता नेत्रदान-कई सारे गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्ति नेत्रदान नहीं कर सकते हैं,जैसे एड्स, हैपेटैटिस, पीलिया, ब्लड केन्सर, रेबीज (कुत्ते का काटा), सेप्टीसिमिया, गैंगरीन, ब्रेन टयूमर, आंख के आगे की काली पुतली (कार्निया) की खराबी हो, जहर आदि से मृत्यु हुई हो या इसी प्रकार के दूसरे संक्रामक रोग हों, तो इन्हें नेत्रदान की मनाही होती है- नेत्रदान करने की सावधानी (1) परिवार वालों को जितना जल्दी हो सके नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी करवानी चाहिए,आंखों को डोनेट के बाद जल्द से जल्द ट्रांसप्लांट कर दिया जाता है। (2) यदि समय लगता है तो कॉर्निया को कोल्ड स्टोरेज में रखा जाता है जहां से 7 दिनों के अंदर उसका इस्तेमाल कर लिया जाता है।(3) नेत्रदान सरल और आसान प्रक्रिया है, इसमें महज 10 से 15 मिनट का समय लगता है। (4) मृत्यु के बाद नेत्रदान करने के लिए डोनर के परिवार की ओर से आईबैंक में जाकर फॉर्म भरा जाता है। (5) फॉर्म भरने के बाद पंजीकरण किया जाता है, उसके बाद कार्ड भराजाता है।(6) ये पंजीकरण आप मृत्यु से पहले भी करवा सकते हैं ताकि मृत्यु के बाद आपकी आंखों को दान किया जा सके। (7) डोनर के परिवार वालों के निकटतम आईबैंक में टीम को सूचित करना होता है इसके बाद टीम कॉर्निया निकालने की प्रक्रिया पूरी करती है। (8) मृत्यु के बाद आंखों को निकालने से चेहरे पर कोई निशान नहीं बनता है। गुप्त रखी जाती है जानकारी- (1)कोई भी व्यक्ति आई डोनर तभी हो सकता है, जब उसकी मृत्यु हो गई हो यानी नेत्रदान केवल मृत्यु के बाद ही किया जाता है।(2) नेत्रदान के लिए उम्र की कोई सीमा तय नहीं होती, कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। (3) नेत्रदान करने वाले डोनर और जिस मरीज को आंखें दी जा रही हैं, उन दोनों की जानकारी गुप्त रखी जाती है।(4) मृत्यु के बाद परिवार का कोई भी सदस्य नेत्रदान कर सकता है।(5) नेत्रदान में किसी भी परिवार को न तो भुगतान करना होगा और न ही उन्हें इसके बदले में कोई पैसे मिलेंगे।

साथियों बात अगर हम नेत्रदान के प्रति भारतीय समाज में भ्रांति की करें तो, इंडियन जर्नल ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन बताता है कि भारत में नेत्रदान न करने के पीछे कोई सांस्कृतिक या धार्मिक कारण नहीं हैं, बल्कि गलत सूचना और दान किए गए ऊतक के उचित उपयोग न होने के कारण अधिक हैं, नेत्रदान को लेकर कई सारे मिथक हैं जिन्हें तोड़ने की जरूरत है। कई लोग मानते हैं कि नेत्रदान करने से अगले जन्म में नेत्रहीन पैदा होंगे, धर्म नेत्रदान की अनुमति नहीं देता है, नेत्रदान से शरीर विकृत हो जाता है, नेत्रदान के दौरान मृतक की पूरी आंखें निकाल ली जाती हैं और आंखों की जगह गड्डे बन जाते हैं, आदि आदि, इन धारणाओं का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, यह समझना बेहद जरूरी है कि नेत्रदान के लिए आंखें नहीं निकाली जाती हैं, सिर्फ आगे की पुतली यानी कार्निया निकाला जाता है जिससे मृतक का चेहरा देखने में बुरा नहीं लगता। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करेंतो,हम पाएंगे कि विश्व नेत्रदानदिवस 10 जून 2025 पर विशेष-नेत्रदान महादान, नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है।

आओ अपनी आंखें दान करने का संकल्प लेकर,अपनी जिंदगी के बाद दूसरों की दुनियाँ रोशन करें-आत्मा की खिड़की रूपी आंखों को मृत्यु के बाद भी जीवित रखें।

-संकलनकर्ता लेखक-
क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र
9359653465

बहुमुखी प्रतिभा के धनी संत साहित्यकार हरिलाल कुंज

- शिवशंकर सिंह पारिजात -

अंगभूमि के नाम से विख्यात रहे भागलपुर में कालक्रम में कई अद्भुत एवं अनोखे व्यक्तित्व हुए हैं जिनमें श्री हरिलाल कुंज का नाम अग्रणी पंक्ति में आता है। भागलपुर सिटी (बिहार) में 10 जून 1921 में जन्मे व पले-बढ़े श्री हरिलाल कुंज ने साहित्य, संस्कृति व कला के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया है जिसे आज भी लोग श्रद्धा के साथ याद करते हैं। अपने बाल्यकाल से ही अप्रतिम प्रतिभा के धनी श्री हरि कुंज जब आठवीं कक्षा के छात्र थे तभी उनकी पहली कहानी 'अन्ना', छायावाद की सुप्रसिद्ध कवयित्री महादेवी वर्मा के सम्पादन में प्रकाशित उस समय की चर्चित पत्रिका 'चाँद' में प्रकाशित हुई थी। इसके अलावा उनकी कहानियाँ 'तीन पीर', 'प्रेत फोटोग्राफर', 'हीरा', 'पारो दादी' इत्यादि भी काफी चर्चित रही। कहानीकार के साथ वे एक सिद्धहस्त नाटककार व गीतकार भी थे और उन्होंने 'बाबरी मीरा', 'चंगेज खां', 'विद्रोही संताल', 'राजलक्ष्मी' इत्यादि नाटकों और 'ब्रजोन्माद', 'मेरे नयनों के पानी', 'अभी मत छोड़ मुझे तू प्राण', 'जुदाई कैसी होती है' इत्यादि पाला कीर्तन एवं गीतों की भी रचना की। उन्होंने 'मीरा बाई' (लीला कीर्तन), 'रजनीगंधा' (काव्य संकलन), 'सत्यसंग' और 'एक मजदूर कलम का' आदि कृतियों का संपादन भी किया।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री हरि कुंज साहित्य के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों व समाजसेवा में भी सक्रिय रहे। 1938 में उन्होंने 'श्री गौरांग संकीर्तन

समिति', की स्थापना की और इसके माध्यम से भागलपुर में श्री मीरा जयन्ती मनाने की शुरुआत की जो 25 वर्षों तक निर्बाध गति से मनाई जाती रही। उन्होंने 'श्री बालकृष्ण ऑपेरा' (हिंदी यात्रा पार्टी), 'वागीश्वरी संगीतालय' और 'द्विजेन्द्र गोष्ठी' इत्यादि संस्थाओं की न सिर्फ स्थापना ही की बल्कि उसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सबके अलावा वे एक कुशल फोटोग्राफर सहित एक सिद्धहस्त चित्रकार भी थे। सन् 1938 में ही उन्होंने भागलपुर में 'चित्रशाला' स्टूडियो की नींव रखी जो आज की तिथि में अत्याधुनिक तकनीकों से लैस एक सुसज्जित प्रतिष्ठान के रूप में जाना जाता है। श्री हरि कुंज के समय में यह स्टूडियो मात्र एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान ही नहीं, वरन् साहित्यिक गतिविधियों का भी केंद्र था जहाँ से बांग्ला के मूर्धन्य कथाशिल्पी डॉक्टर बलायचांद मुखोपाध्याय 'वनफूल', राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर, भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ विष्णु किशोर झा 'बेचन', बाबा नागार्जुन, अभिनेता पृथ्वीराज कपूर, महर्षि मेंही दास, प्रभात रंजन सरकार, शिक्षाविद आनन्द शंकर माधवन, संतशिरोमणी देवी शकुन्तला गोस्वामी, रामचरितमानस के अंतराष्ट्रीय अन्वेषक पंडित इन्दु भूषण गोस्वामी व अन्य महापुरुषों की यादें जुड़ी हैं।

इन सबों के अलावा हरि कुंज जी ने 'महाप्राण निराला', 'नटराज पृथ्वीराज कपूर', 'मेरे हँसू दा', 'उर्वशी का जन्म', 'फूल वनफूल या वन का फूल', 'अनुपलाल मंडल', 'यात्राभिनय और शारदा बाबू', 'जब मैं बच्चा? था' इत्यादि दुर्लभ व रोचक संस्मरण लिखे। श्री हरिलाल कुंज 10 जून 1921 से 13 फरवरी 1984 तक हमारे बीच रहे और अभावों में गुजर-बसर करते हुए भी आध्यात्म, कला, साहित्य, संस्कृति व समाज की समृद्धि में लगे रहे। (लेखक सूचना एवं जनसंपर्क के पूर्व उपनिदेशक एवं इतिहासकार हैं)

(विनायक फीचर्स)

चंदौली

मुख्य विकास अधिकारी ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

तहसील समाधान दिवस में समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर दिया जोर

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) आर. जगत सांई ने सोमवार को विकासखंड सकलडीहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसारिकपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर कायाकल्प योजना एवं मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने अमृत सरोवर योजना के तहत निर्मित तालाब के सौंदर्यीकरण, जल संरक्षण, तथा हरित क्षेत्र विकास की स्थिति का गहन अवलोकन किया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मनरेगा अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों की मजदूरी भुगतान, जॉब कार्ड अद्यतन स्थिति, तथा कार्यस्थल पर उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि श्रमिकों को समय से भुगतान, पीने के पानी व छाया जैसी सुविधाएं तथा योजनाओं से संबंधित सभी जानकारी सहज रूप से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर जैसी योजनाएं केवल जल संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण सौंदर्य, रोजगार सृजन और सामुदायिक सहभागिता को भी मजबूती प्रदान करती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जनसहभागिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

समाधान दिवस में जन समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल मुख्य विकास अधिकारी ने सकलडीहा तहसील समाधान दिवस में भी प्रतिभाग किया। उन्होंने आम नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं मानवीय दृष्टिकोण से समस्याओं के निस्तारण हेतु सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता को त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। चाहे समस्या भूमि विवाद, आयुष्मान योजना, आवास अथवा किसी अन्य जनकल्याणकारी योजना से जुड़ी हो- सभी शिकायतों का त्वरित समाधान आवश्यक है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सकलडीहा, तहसीलदार, ग्राम पंचायत अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

चंदौली में देशी मदिरा की 6 फुटकर दुकानों का ई-लॉटरी से होगा चयन

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। जनपद चंदौली में देशी मदिरा की नवसृजित 06 फुटकर बिक्री दुकानों के संचालन हेतु आबकारी विभाग द्वारा ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से पारदर्शी चयन किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के अंतर्गत इन दुकानों के व्यवस्थापन हेतु 29 मई 2025 से 6 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित अवधि में कुल 452 आवेदन प्राप्त हुए, जो सभी ई-लॉटरी के लिए अर्ह पाए गए हैं। इन सभी आवेदनों की ई-लॉटरी प्रक्रिया दिनांक 10 जून 2025 को दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक, जनपद के एन.आई.सी. (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र) कार्यालय में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाएगी।

जिला आबकारी अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि पूरा चयन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित एवं रैंडमाइज्ड प्रणाली द्वारा किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना समाप्त हो जाती है।

संपूर्ण समाधान दिवस में 105 प्रार्थना पत्रों में आठ का मौके पर निस्तारण

तरूणमित्र न्यूज

नौगढ़,चंदौली। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य लांघे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार नौगढ़ में किया गया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जमीन की पैमाईश, दाखिल खारिज, अवैध कब्जा, नाली के अतिक्रमण को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख कर निस्तारण करें। संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 105 प्रार्थना पत्र पड़े 8 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया एवं शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित को जिलाधिकारी ने समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी आलोक कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, वन क्षेत्राधिकारी, सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

चंदौली में 12 औद्योगिक इकाइयों पर संयुक्त छापेमारी, अनुदानित यूरिया उपयोग की जांच, सेंपल भेजे गए

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव (कृषि विभाग) के निर्देश पर जनपद चंदौली में स्थित औद्योगिक इकाइयों पर अनुदानित यूरिया के संभावित दुरुपयोग की जांच हेतु सोमवार को संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया।

जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग के आदेश पर गठित टीम में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी एवं उपायुक्त उद्योग शामिल रहे। टीम ने जिले की 12 औद्योगिक इकाइयों एवं उनके गोदामों का गहन निरीक्षण किया। यह इकाइयाँ कैटल फीड, कुक्कुट फीड,

साबुन, पेंट, बार्निस, मुद्रण स्याही, लिबास चादरें, प्लाईवुड, लेमिन बोर्ड, पार्टीकल बोर्ड जैसे उत्पादों का निर्माण करती हैं।

निरीक्षण के दौरान टीम ने टेक्निकल ग्रेड यूरिया का एक नमूना परीक्षण हेतु संग्रहित किया। जांच में यह पाया गया कि इन औद्योगिक इकाइयों द्वारा अनुदानित यूरिया का अवैध उपयोग नहीं किया गया है।

यद्यपि, सतर्कता बनाए रखने हेतु टीम द्वारा सभी संबंधित संस्थाओं को कड़ी चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में अनुदानित यूरिया का उपयोग औद्योगिक निर्माण में किया जाता है, तो उनके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने सभी प्रोपराइटरों को यह निर्देशित किया है कि औद्योगिक उत्पादों में केवल स्वीकृत एवं तकनीकी श्रेणी के यूरिया का ही प्रयोग करें। अनुदानित यूरिया का उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए अनुमन्य है, इसका अन्य कार्यों में उपयोग दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि जनपद में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है, और सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है।

साथ ही, उर्वरकों की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर नियंत्रण हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

पुलिस व आरपीएफ का गठजोड़ तोड़ रहा शराब तस्करों की कमर

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। जिले में अवैध शराब की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस और आरपीएफ की ओर से चलाया जा रहा संयुक्त अभियान का रंग दिखा रहा है। इससे तस्करों की कमर टूट रही है। बहरहाल अलीनगर पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने रात न्यू गंज ख्वाजा रेलवे लाइन पर चेकिंग के दौरान तीन बोरे और दो बैग बरामद किए। जांच में उनमें से 755 टेट्रा पैक ब्लू लाईम ब्रांड की देशी शराब (प्रत्येक 200 एमएल) बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 151 लीटर पाई गई। शराब की अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये आँकी गई है बिहार राज्य के बाजार मूल्य के अनुसार।

हालांकि अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। बरामदगी के आधार पर थाना अलीनगर में मुकदमा संख्या 203/25 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम के तहत अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

इस कारवाई में अलीनगर पुलिस से निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, उ.नि. अनन्त कुमार भार्गव, हे.का. सुनील कुमार यादव, का. दीपक साहू और आरपीएफ पोस्ट मानसनगर से उ.नि. इन्द्र कुमार, सहायक उ.नि. हृदय नारायण, का. संजय कुमार व प्रधान आरक्षी विनोद कुमार शामिल रहे।

पर्यावरण संरक्षण में सबसे बड़ी चुनौती प्लास्टिक : जस्टिस एसके सिंह

वाराणसी। यूपी कॉलेज शिक्षा समिति के सचिव एवं एनजीटी के न्यायाधीश जस्टिस एसके सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आज की सबसे बड़ी चुनौती प्लास्टिक है। सिंगल यूज और निश्चित माइक्रॉन के निर्धारित प्लास्टिक के अलावा कोई प्लास्टिक इस्तेमाल कदापि न करें। उन्होंने कहा कि आप अपनी जीवन रेखा के स्रोतों को यदि गंदा ही न करें तो उन्हें साफ करने जरूरत ही नहीं होगी। वे यूपी कॉलेज में पर्यावरण विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। जंतुविज्ञान विभाग और वाइल्ड लाइफ ऑफ इंडिया की ओर से प्लास्टिक प्रदूषण को मात दें विषय पर विभिन्न विद्वतजनों ने विचार रखे।

समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर कुमार राय ने कहा कि अब बाजार केवल हमारी जरूरतों के समान नहीं बेचता है, बल्कि वह हमें यह भी बताता है कि हमारी जरूरतें क्या है। भौतिकी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि एक व्यक्ति को प्रतिदिन जितनी ऑक्सीजन की जरूरत होती है, उसे दो पेड़ शायद ही पूरा कर सकें। अतः सभी को पेड़ लगाने का संकल्प लेना होगा। कृषि अर्थशास्त्र विभाग पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. संत कुमार सिंह, प्रो. एनपी सिंह और जंतुविज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. तुमुल सिंह ने भी विचार साझा किए। संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डा. संजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर डा. अश्विनी निगम, डा. सतीश प्रताप सिंह, डा. प्रीति, डा. विनय कुमार, विजय प्रताप सिंह एवं मन्नू लाल समेत काफी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थीं।

रचनात्मक संवाद और पर्यावरणीय चेतना से किया जागरूक वाराणसी। सामाजिक संस्था मेरा शहर की ओर से तरना स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में विश्व पर्यावरण सप्ताह पर विभिन्न आयु वर्ग और सामाजिक पृष्ठभूमियों से आने वाले लोगों को रचनात्मक संवाद और पर्यावरणीय चेतना से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ओपन माइक, फ्रीस्टाइल प्रस्तुतियां और चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें युवाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनल उपाध्याय ने बताया कि यह पहल समुदाय निर्माण की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। जहां साझा रुचियों और मूल्यों के माध्यम से लोग एक-दूसरे के सहयोगी बन सकें।

रोहनिया इंस्पेक्टर टेस्ट में फेल, लाइन हाजिर

वाराणसी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के टेस्ट में फेल रोहनिया थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस लाइन के सभागार में रविवार रात अपराध समीक्षा बैठक के बाद पुलिस आयुक्त ने कार्रवाई की। बीते माह पुलिस आयुक्त ने थानों पर आम नागरिकों, पीड़ितों के प्रति होने वाले व्यवहार के फीडबैक के लिए होमगार्ड, फालोवर तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पांच सदस्यीय टीम गठित की है। टीम को थानों पर भेजकर फीडबैक लिया। टीम पांच बार पीड़ित बनकर रोहनिया थाने गई, हर बार नकारात्मक फीडबैक मिला। वहीं सीएम डैशबोर्ड के विभिन्न पैरामीटरों पर रोहनिया थाना जनपद में सबसे नीचे रहा है।

पुलिस आयुक्त ने सुगम यातायात के लिए यातायात मित्रों के महत्वपूर्ण सुझावों पर अमल करने और उनके साथ नियमित बैठकें करने का निर्देश दिया। कहा कि वह भ्रमण कर यातायात मित्रों से फीडबैक लेंगे। उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरि मीणा एवं अन्य अधिकारी रहे। जनशिकायतों के निस्तारण से मूल्यांकन पुलिस आयुक्त ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण पुलिसकर्मियों की कार्य कुशलता के मूल्यांकन का आधार होगा। हर घटना पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही हो। महिला सम्बन्धी अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं। थानास्तर पर शोहदों की सूची बनाएं। निगरानी करें। टॉप-10 और सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रहे। बिना नम्बर, काली फिल्म, दो पहिया पर नए उम्र के तीन सवार लड़के, संदिग्ध आदि पर कार्रवाई हो। गौ तस्कर, मादक पदार्थों के तस्कर, जुआ/ सट्टा, स्पा सेन्टर की आड़ में चल रहे अनैतिक कृत्यों पर कार्रवाई करें। साइबर अपराध नई चुनौती है। साइबर थाना/सेल में नियुक्त पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण एवं आमजन को 'डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। थाने पर हर माह सैनिक सम्मेलन पुलिस आयुक्त ने सैनिक सम्मेलन में पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं। कहा कि थाना स्तर पर भी हर माह सैनिक सम्मेलन होगा। पूर्व के सैनिक सम्मेलन में आयी समस्याओं की समीक्षा की। थानों पर कूलर, पंखे, वाटर कूलर, इनवर्टर, तख्त आदि संसाधनों को शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।

चरित्रहीन कह मंगेतर डॉक्टर ने युवती को मारा चाकू

वाराणसी। सगाई के बाद चिकित्सक ने अपनी मंगेतर पर चरित्रहीनता का आरोप लगाते हुए चाकू से हमला कर दिया। युवती जब बेहोश हो गई तो उसे अपने क्लीनिक के एक कमरे में बंद कर उपचार कराया। एक दोस्त की मदद से युवती मुक्त हुई और कैंट थाने में शनिवार रात मुकदमा दर्ज कराया। घटना 18 मई की बतायी जा रही है। लंका क्षेत्र की युवती की सगाई भुल्लनपुर निवासी डॉ. राहुल वर्मा से बीते अप्रैल में हुई थी। युवती के अनुसार सगाई के दिन ही डॉ. राहुल के दोस्तों ने उसके बारे में झूठी सूचना दी। सगाई के दौरान ही उसके चाल-चलन को लेकर सवाल उठाया।

इसके बाद उसी दिन होटल के सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर युवती की ऐसी कोई गतिविधि नहीं दिखी। दोनों परिवार की सहमति से सगाई हुई। इसके बाद भी डॉ. राहुल नदेसर स्थित युवती के फ्लैट पर आकर उससे विवाद करता रहा। आरोप को स्वीकार करने का दबाव बना रहा था। बीते 18 मई को नशे की हालत में युवती के फ्लैट पर पहुंचे डॉ. राहुल ने गाली-गलौज करते हुए चरित्रहीनता का आरोप लगाते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवती घायल होकर बेहोश हो गई। इसके बाद वह युवती को उठाकर अपने क्लीनिक ले गया। युवती ने बताया कि जब उसे होश आया, तब अपने एक दोस्त से मदद मांगी। उसके दोस्त ने क्लीनिक पहुंचकर उसकी जान बचाई। युवती ने शानिवार को कैंट थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पति का दूसरे से संबंध, पत्नी को कमरे में बंद किया वाराणसी। रोहनिया थाना क्षेत्र की विवाहिता ने पति के खिलाफ उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। बताया है कि उसका विवाह फरवरी 2020 में हुआ था। आरोप है कि पति मनीष कुमार मौर्या का किसी और महिला से संबंध है। इस कारण वह उसे प्रताड़ित करता रहता है। बीते 12 मई को उसे कमरे में बंद कर दिया था। कहने लगा कि जब तक पांच लाख रुपये दहेज में नहीं देगी, इस घर में नहीं रहेगी। मिन्नत करने पर कमरे से बाहर निकाला लेकिन इसके बाद भी लगातार प्रताड़ित करता रहता है।

पर्यावरण रक्षा का संदेश देने को साइकिल चलाई

वाराणसी। भारतीय रेलवे की ओर से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार को संडे ऑन साइकिल रैली निकाली गई। अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने भी साइकिल चलाकर फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने साइकिलिंग को दैनिक जीवन में अपनाने, स्वास्थ्यवर्धन हेतु सक्रिय रहने और हरित परिवहन के समर्थन का आह्वान किया। रैली गोल्फ कोर्स, सूर्य सरोवर, बरेका इंटर कॉलेज, कंदवा गेट, कंचनपुर कॉलोनी, सब्जी मंडी, नाथूपुर, प्रशासन भवन, बरेका स्टेडियम होते हुए कुंदन तिराहा पर आकर समाप्त हुई। इसमें प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर सुशील कुमार श्रीवास्तव समेत आलोक अग्रवाल, विनोद शुक्ल, जनार्दन सिंह, एमके गुप्ता, नीरज जैन, भारद्वाज चौधरी, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, अनुराग गुप्ता, अनुज कटियार, बालकृष्ण मीणा, जयप्रकाश मौर्य, बहादुर प्रसाद, पीआरओ राजेश कुमार, श्रीकांत यादव, जगदीश द्विवेदी आदि शामिल रहे।

सनातन जनाक्रोश यात्रा काशी से रवाना

वाराणसी। विश्व हिंदू रक्षा परिषद की सनातन जनाक्रोश यात्रा का दूसरा चरण रविवार को काशी से शुरू हुआ। यह यात्रा सनातन की रक्षा, लव जेहाद, धर्मांतरण के विरुद्ध निकाली गई है। यात्रा का नेतृत्व परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय कर रहे हैं। बक्सर रवानगी से पूर्व उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विरोध नहीं पुनर्जागरण करना है। यात्रा पटना, बेगूसराय, मुंगेर, भागलपुर, गोड्डा, पाकुड़ होते हुए मुर्शिदाबाद में 19 जून को समाप्त होगी। इसकी शुरुआत बीते 27 मई को लखनऊ से हुई थी। इससे पहले यात्रा के लखनऊ से सारनाथ पहुंचने पर उन्होंने बरईपुर में संस्था की ओर से निःशुल्क विधि सलाह केंद्र का उद्घाटन किया।

इसकी जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ प्रवेश पाण्डेय एवं विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पीयूष पाण्डेय को सौंपी। इस अवसर पर कुलदीप मिश्रा, शिखर गुप्ता, पंकज सिंह, राजेश मौर्या, प्रविश पांडेय, अखिलेश कुमार, पंकज पाण्डेय, मनोज कुमार, अंकर राय, कृष्णा पाडेय, हिमांशु धवल, शिवकुमार गुप्ता, राजेश वर्मा, राजेश कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

काशी अनेक दुर्लभ एवं गूढ़ विद्याओं की नगरी

वाराणसी। काशी अनेक दुर्लभ एवं गूढ़ विद्याओं की नगरी है। यहां देवभाषा संस्कृत का विशेष महत्व है। यही कारण है कि अनेक प्राचीन शास्त्रों का अध्ययन-अध्यापन इस नगरी में निरंतर चलायमान है। यह बातें संस्कृत की प्राचीन संस्था शास्त्रार्थ महाविद्यालय की ओर से रविवार को दशाश्वमेध के भूतेश्वर गली स्थित परिसर में आयोजित शिविर के समापन समारोह में वक्ताओं ने कहीं। शिविर में गत एक माह से विद्यार्थियों को भाल रेखा का अध्ययन कराया जा रहा था। शिविर संचालक आचार्य संजय उपाध्याय रहे। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त पूर्व प्राचार्य डॉ.गणेश दत्त शास्त्री, विशिष्ट अतिथि काशी पंडित सभा के मंत्री डा. विनोद राव पाठक रहे। अध्यक्षता डा. सारनाथ पांडेय ने की। संचालन प्राचार्य डा. पवन कुमार शुक्ल ने किया। डा. आमोद दत्त शास्त्री, डा. शेषनारायण मिश्र एवं डा. रामलखन पाठक ने विचार व्यक्त किए।

शहर से देहात तक कट रही बत्ती

वाराणसी। शहर से गांव तक विद्युत व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। गांव में तो शेड्यूल के अनुसार भी बिजली नहीं मिल रही है। जहां मिल रही है वहां ट्रिपिंग परेशान किए है। हालांकि, पूर्वांचल डिस्कॉम का दावा है कि शहर में भरपूर बिजली आपूर्ति हो रही है। लेकिन सूरत-ए-हाल दीगर है। पूर्वांचल-डिस्कॉम की 6 से 8 जून तक की फीडर आउटेड डैशबोर्ड रिपोर्ट के अनुसार पूर्वांचल में 1587 फीडरों से औसतन दो घंटे कम आपूर्ति हुई। उक्त फीडर से जुड़े लोगों को 18 से 21 घंटे ही बिजली मिली। 538 फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं को भी परेशानी हुई।

इन्हें 12 से 18 घंटे ही बिजली मिली। वहीं, शहरी इलाके के फीडरों से भी कटौती हुई। 107 फीडर से 22 घंटे ही सप्लाई हुई। मछदोरी डिविजन के उपकेंद्रों से तो खूब कटौती हो रही है। हरतीरथ में शनिवार रात 12 बजे गुल हुई बत्ती करीब दो घंटे बाद आई। सारनाथ के घुरहूपुर में शनिवार रात करीब एक बजे बिजली कट गई तो रविवार सुबह दोबारा शिकायत पर बहाल हुई। चौकाघाट उपकेंद्र से कटौती हुई। दोपहर बाद ट्रिपिंग से बिजली का आना जाना बना रहा। ढाई घंटे से बंद है रमना फीडर रोहनिया संवाद के अनुसार करसड़ उपकेंद्र का रमना फीडर रविवार सुबह करीब 10 बजे से करीब ढाई घंटे बंद रहा। पिंडरा संवाद के अनुसार पिंडरा उपकेंद्र रोज 2 से 3 घंटे की कटौती हो रही है। बड़ागांव में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग 2 से ढाई घंटे की कटौती हो रही। आठ घंटे में बदला ट्रांसफार्मर पिंडरा। गजोखर गांव में शनिवार को 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जल गया था।

विधायक डॉ.अवधेश सिंह से शिकायत करने पर जल ट्रांसफॉर्मर बदला गया। ग्रामीण राजू सिंह और विजय सिंह ने बताया कि बीती रात 2 बजे गांव का 63 केबीए ट्रांसफॉर्मर जल गया। सुबह 7 बजे विद्युत उपकेंद्र पर शिकायत की गई थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। तब विधायक को जानकारी दी गई।

टेंपो से गिरी एक साल की बच्ची, पुलिस ने तीन घंटे में ढूंढा, परिजन को सौंपा

खेतासराय। स्थानीय थाना क्षेत्र के मनेछा में सोमवार तड़के एक साल की बच्ची टेम्पो से गिर गई। साथ में सफर कर रहे परिजनों को पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पास पहुंचने पर बच्ची के नहीं होने का एहसास हुआ। परिजन बदहवास हो गए और पुलिस को सूचना दी। सुबह 6 बजे पुलिस ने मनेछा में बच्ची को बरामद किया और परिजनों को सौंपा।

जौनपुर के सिपाह मोहल्ले से एक परिवार खलीलाबाद से टेंपो में वापस लौट रहा था। रात 8:30 बजे के करीब यात्रा शुरू हुई। टेंपो में सैयदा, उनकी बेटी राणा और नाजिया अपनी एक साल की बच्ची जुबीया के साथ सवार थीं। वसीम नाम का

परिजन के साथ बालिका, साथ में पुलिसकर्मी।

चालक टेंपो चला रहा था। खेतासराय थाना क्षेत्र के मनेछा गांव के पास बच्ची जुबीया टेंपो से नीचे गिर गई। रात का अंधेरा और थकान के कारण परिवार को इसका पता नहीं चला। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पहुंचने के बाद उन्हें बच्ची के गायब होने का एहसास हुआ। परिवार ने तुरंत 112 पर कॉल किया। खेतासराय पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। सुबह करीब 6 बजे मनेछा गांव के पास सड़क किनारे बच्ची सकुशल मिल गई। पुलिस ने बच्ची को थाने लाकर परिवार से संपर्क किया। बच्ची की मां नाजिया ने पुलिस की तत्परता की सराहना की। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह, अनील पाठक, अशोक वर्मा और कांस्टेबल हरक नाथ, संदीप सिंह, नेहा यादव, अंतिमा सिंह की टीम ने यह सराहनीय कार्य किया।

पुलिस ने 24 व्यक्तियों को शांति भंग में गिरफ्तार कर किया चालान

रामपुर। जौनपुर रामपुर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत कुल 24 व्यक्तियो 1. बब्लू पाल उर्फ बृजेश पुत्र रामलखन पाल ग्राम खेमापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर, 2. अवध नरायन पाल पुत्र उमाशंकर पाल ग्राम खेमापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर, 3. निलेश पाल पुत्र बब्लू पाल उर्फ बृजेश ग्राम खेमापुर थाना रामपुर, 4. जयप्रकाश पाल पुत्र स्व0 शोभा पाल ग्राम खेमापुर थाना रामपुर, 5. शिवकुमार पाल पुत्र स्व0 शोभा पाल ग्राम खेमापुर थाना रामपुर, 6. परभनाथ पाल पुत्र स्व0 शोभा पाल ग्राम खेमापुर थाना रामपुर, 7. गोपी पाल पुत्र भगनदास ग्राम खेमापुर थाना रामपुर, 8. रघुनाथ पाल पुत्र शिवकरन पाल ग्राम खेमापुर थाना रामपुर, 9. कमला पति

शांतिभंग में पकड़े गए आरोपित।

पटेल पुत्र बाबूराम पटेल निवासी ग्राम रायपुर थाना रामपुर, 10. पंधारी पटेल पुत्र श्रीनाथ ग्राम अमयनपुर थाना भदोही जनपद भदोही, 11. सुनील कुमार पुत्र रजवन्ता पटेल ग्राम अमयनपुर थाना भदोही जनपद भदोही, 12. संदीप कुमार पटेल पुत्र तिलकधारी पटेल ग्राम अमयनपुर थाना भदोही जनपद भदोही, 13. तिलकधारी पुत्र श्रीनाथ ग्राम अमयनपुर थाना भदोही जनपद भदोही, 14. रामाशंकर पटेल पुत्र देवराज पटेल निवासी सजोई थाना जंसा जनपद कमिश्नरेट वाराणसी, 15. चन्द्रभान पटेल पुत्र राजकुमार पटेल निवासी अडियार थाना सुरेरी, 16. अंकित जायसवाल पुत्र राजेश जायसवाल निवासी गोपालापुर थाना रामपुर, 17. ग्रिस कुमार मौर्या पुत्र स्व0 जगनन्दन मौर्या ग्राम बनीडीह थाना रामपुर, 18. शेख अब्दुल रहमान पुत्र अलीहसन ग्राम बनीडीह थाना रामपुर, 19.श्रीराम प्रजापति पुत्र मिठाईलाल प्रजापति निवासी वार्ड नं0 09 कस्बा रामपुर थाना रामपुर, 20. राजेश प्रजापति पुत्र श्रीराम प्रजापति निवासी वार्ड नं0 09 कस्बा रामपुर थाना रामपुर, 21. दिनेश प्रजापति पुत्र श्रीराम प्रजापति निवासी वार्ड नं0 09 कस्बा रामपुर थाना रामपुर, 22. राजाराम प्रजापति पुत्र मिठाईलाल प्रजापति निवासी वार्ड नं0 09 कस्बा रामपुर थाना रामपुर, 23. राजन प्रजापति पुत्र राजाराम प्रजापति निवासी वार्ड नं0 09 कस्बा रामपुर थाना रामपुर, 24. शुभम सिंह पुत्र स्व0 अशोक सिंह ग्राम मई थाना रामपुर जौनपुर, को शांति व्यवस्था के दृष्टिगत भिन्न भिन्न स्थानो से अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में हिरासत पुलिस में लेकर चालान संबंधित न्यायालय किया गया।

शिक्षक के निधन पर संघ ने जताया शोक

मड़ियाहूं। सीनियर बेसिक शिक्षक संघ मड़ियाहूं तहसील इकाई की एक बैठक सोमवार को संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें भगौती सिंह पूर्व मध्यमिक विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक 74 वर्षीय इंद्रसेन सिंह की ब्रेन हैमरेज के कारण हुई निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उनके निधन पर शिक्षकों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर राजनाथ पाठक, अशोक सिंह, राम सिंह, अच्छे लाल यादव, लालमणि यादव, मातिवर प्रजापति, प्रेम शंकर यादव आदि लोगों उपस्थित रहे।

डगरियांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का संविधान बचाओ सम्मेलन

तरुणमित्र न्यूज

मछलीशहर। तहसील क्षेत्र के डगरियांव गांव में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का संविधान बचाओ सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि देश में संविधान खतरे में है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार संवैधानिक संस्थाओं एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं का राजनीतिकरण कर देश के संविधान को खतरे में डाल रहे है।

दलित पिछड़ों अल्पसंख्यकों का हक व अधिकार समाप्त कर देश के संविधान को बदलने का प्रयास हो रहा हैं। मगर राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता देश के संविधान को बचाने के लिए

बैठक में शामिल कांग्रेस के पदाधिकारी।

कृत संकल्पित है।कांग्रेस पार्टी का मत है कि देश में जातिगत गणना शीघ्र होनी चाहिए ताकि देश में सामाजिक असमानता समाप्त हो।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सचिव पंकज सोनकर, प्रदेश कोआर्डिनेटर और जौनपुर प्रभारीगण राजेश राकेश और मंजु संत, जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने किया।संचालन आरिफ़ सलमानी ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा बबलू, विनय तिवारी, महेंद्र बेनवंशी, मनीष दुबे, शेर बहादुर सिंह, प्रेमचंद यादव, नरेंद्र पटेल, सुनील यादव, शशांक सोनकर, अभिषेक मिश्रा, शैलेंद्र यादव, अंकित पाल, रोहित यादव, घनश्याम गौतम सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दबंग ने व्यवसायी से रास्ता रोककर किया मारपीट, स्कूटी और मोबाइल तोड़ा

- जान से मारने की धमकी, घटना का वीडियो वायरल
- अवैध खनन की शिकायत करने पर व्यवसायी की पिटाई

तरुणमित्र न्यूज

केराकत। क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव निवासी इंडेन गैस एजेंसी के मालिक और व्यवसायी मिथिलेश सिंह ने एक युवक पर मारपीट, गाली-गलौज, मोबाइल व स्कूटी क्षतिग्रस्त करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पीड़ित मिथिलेश सिंह ने कोतवाली में तहरीर देतें हुए बताया कि सोमवार सुबह करीब आठ बजे वह अपने घर से गैस गोदाम के लिए निकल रहे थे, तभी गांव के ही अंकित सिंह उर्फ निक्की सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह ने रास्ते में रोककर धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की, मां-बहन की भद्दी गालियां दीं और उनकी इलेक्ट्रिक स्कूटी को गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। और मोबाइल भी पटक कर तोड़ दिया। बताया कि बीच-बचाव कर रहे ग्रामीणों ने समझाने का प्रयास किया, बावजूद इसके अंकित सिंह लगातार जान से मारने की धमकी देता रहा। पीड़ित ने बताया कि इससे पहले 7 और 8 जून को भी अंकित सिंह ने प्रार्थी के खेत से जेसीबी मशीन के जरिए अवैध मिट्टी खनन कराया। जब विरोध किया गया तो उनके पिता को भी गालियां दी गईं और सिपाहियों के सामने ही जिन्दा मिट्टी में गाड़ने की धमकी दी गई। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में केराकत कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार राय का कहना है कि शिकायत मिला है, जांच कर आरोप सिद्ध होने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

थानाध्यक्ष सुजानगंज ने गांव में की खुली बैठक

खुली बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष।

सुजानगंज। क्षेत्र के गहरपारा गांव में थानाध्यक्ष सुजानगंज द्वारा रविवार के दिन देर शाम खुली बैठक का आयोजन किया गया। उपस्थित गांव वासियों को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष यजुर्वेद कुमार सिंह ने बताया अगर गांव के लोग ग्राम प्रधान को साथ लेकर थाना पुलिस की मदद से गांव में ही चौपाल अथवा संगोष्ठी के माध्यम से छोटी,बड़ी समस्याएं अन्य गांव वालों के सामने रखे तो निश्चय ही समाधान निकलेगा। छोटी समस्या अथवा बड़ी-बड़ी समस्या आसानी पूर्वक गांव में ही हल हो सकते है।अगर गांव के लोग थोड़ा सा भी जागरूकता का परिचय देगे। यह पहल पहली बार थाना सुजानगंज द्वारा गहरपारा गांव में आजमाया गया है।समय मिलने के अनुसार अन्य गांवों में भी इसी पृकार चौपाल का आयोजन करवाया जायेगा।जो गांव के ग्राम प्रधान एवं गांव वालों के देखरेख में सम्पन्न कराया जाएगा जिससे ग्रामीणों को थाने से संबंधित समस्याओं के लिए अन्य किसी लोगों का सहारा ना लेना पड़े। और आसानी पूर्वक उनकी समस्या गांव में ही सूलझ जाए। खुली चौपाल कार्यक्रम में ऐस आई धनई राम,हेड कांस्टेबल तीर्थ राज यादव, कांस्टेबल अनिल गौड़ ग्रामीण बबलू सिंह, विजय पृताप सिंह के साथ अन्य कई गांव वाले उपस्थित रहे।

भाकियू ने बैठक कर पांच सूत्रीय मांगपत्र खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा

मछलीशहर। सोमवार को ब्लाक परिसर में भारतीय किसान यूनियन की बैठक ब्लाक अध्यक्ष निशाकान्त तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन खंड विकास अधिकारी वर्षा बंग को सौंपा। ज्ञापन में पात्र परिवार को प्रधानमंत्री आवास व शौचालय देने, पात्र गरीब लोग को विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन देने, पात्र गरीब परिवार का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए, गोधना प्राइमरी पाठशाला के बगल तालाब का सुंदरीकरण किया जाए तथा किशुन दासपुर प्राइमरी विद्यालय की टूटी छत को बनाने संबंधित मांग रखा और चेतावनी दी कि समय रहते समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो यूनियन आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान कमलाकांत तिवारी, भूलन, निर्मला, नीलम, रीत, सोना, मनोरमा, निशा, राजेंद्र व गणेश के अलावा तमाम किसान एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र प्रसाद सिंह ने किया।

संविधान बचाने के लिए कांग्रेसियों ने लिया संकल्प

संविधान खत्म कर संघ का विधान लागू करना चाहती है भाजपा : मंजू सन्त

मुंगराबादशाहपुर। केन्द्र की नरेंद्र मोदी की सरकार देश की सामाजिक व साम्प्रदायिक सौहार्द को नष्ट करने के हर तरफ झूठ और नफरत फैलाकर देश की एकता और अखंडता को तोडने की रोज नयी नयी साजिशें कर रही है तथा देश के नौजवानों को भड़का कर उनकी युवा शक्ति को गलत दिशा में ले जा रही है। जिला क्वाडिनेटर मंजू संत ने मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा में नाडार ग्रामसभा गरियाव न्यायपंचायत द्वारा आयोजित संविधान बचाओ संकल्प सभा को बतौर मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित करते हुए कहा कि संघ और भाजपा देश के संवैधानिक व्यवस्थाओं से खिलवाड़ कर रही है, देश की फासिस्टवादी भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं ईडी और सीबीआई का दुरपयोग अपने राजनैतिक विरोधियों को दबाने के लिए कर रही है। चुनाव आयोग को भाजपा ने अपने कब्जे में कर लिया है, जिसका दुरपयोग कर भाजपा जनता के वोट की चोरी कर लोकतंत्र की हत्या की कर रही है। कोआर्डिनेटर राजेश कुमार राकेश ने कहा कि भाजपा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का सदन में अपमान करती है, उनके द्वारा बनाये गये संविधान को सत्ता द्वारा कुचला जा रहा है। विधानसभा प्रभारी देवेंद्र मिश्रा बबलू ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि तानाशाही सरकार द्वारा देश के लोकतंत्र और संविधान की हत्या की जा रही है, इस देश में बुल्डोजर न्याय लागू किया

कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

जा रहा है, सार्वजनिक संस्थाओं को मोदी सरकार अपने गिने चुने पूंजीपती मित्रों सौंप रही है। जिला उपाध्यक्ष शेर बहादुर सिंह ने कहा कि मोदी सरकार जनता के वोट से नहीं बल्कि ईवीएम हैक कर बनी सरकार है, भ्रष्टाचार और बेरोज़गारी चरम पर है,किसानों और युवाओं का शोषण हो रहा है।

पूर्व जिला द्यमहासचिव जय प्रकाश तिवारी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल हो गयी है, प्रदेश में महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं बढ़ती चली जा रही है, उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम हों गया है, जिला सचिव एडवोकेट सन्तोष पांडेय ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला हो गया है, हत्या,डकैती, छिनैती की घटनाएं लगातार हो रही है सरकार अपराधियों का महिमा मंडन कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षी संबोधन करते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए संकल्प बद्ध है, कांग्रेस फासिस्टवादियों के मंसूबे को सफल नहीं होने देगी। कार्यक्रम आयोजक राजकुमारी मिश्रा ने सम्मेलन में आये हुए सबका आभार व्यक्त किया व संचालक जिला महासचिव मनीष दुबे ने किया। सभा को सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुशील पांडेय, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बाल कृष्ण शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला सचिव धीरज उपाध्याय, इरशाद खान राजू , ओम प्रकाश सरोज, सूबेदार मौर्य,संतरा देवी, सरिता सरोज, मिना सरोज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पत्रकार को मिली धमकी मुकदमा हुआ दर्ज

सुजानगंज। पत्रकार जहां आम जनमानस की समस्याओं को सबके सामने उजागर करता है।पर वही कुछ अराजक तत्वों द्वारा आये दिन पत्रकारों को नीचा दिखाने के लिए तरह तरह के अवसर ढूंढ कर अपमानित करने का कार्य कर रहे।ऐसे में सम्मान पूर्वक पत्रकारिता करना दुर्लभ हो गया है।मिली जानकारी के अनुसार दैनिक मान्यवर समाचारपत्र सुजानगंज के संवाददाता पंकज मणि तिवारी रात्रि में अपने एक साथी के घर से लौट रहे थे कि रास्ते में दबंगों ने पत्रकारिता से सम्बंधित किसी पुरानी रंजिश के तहत उनसे गाली गलौज करने लगे तत्पश्चात मारपीट की घटना को तुरंत भांपते हुए पंकज मणि तिवारी पत्रकार किसी तरह मौके से गाड़ी चालू कर जान बचाकर भागे जिसके बाद बदमाशों ने उन्हें जान से मारने कि धमकी दी साथ बात चीत में बदमाश पत्रकार की आईडी कार्ड भी छीनने की कोशिश किए जिसकी सूचना पत्रकार द्वारा थाना सुजानगंज में लिखित तहरीर के माध्यम से दी गई। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष सुजानगंज यजुवेंद्र सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

कुल 74 प्रार्थना पत्र पड़े, नहीं हुआ कोई निस्तारण

समाधान दिवस पर पीड़ितों की समस्याए सुनते अधिकारीगण।

तरुणमित्र न्यूज

मछलीशहर। सोमवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 74 शिकायतें आई जिसमे से मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। ज्यादा जमीन, बिजली, राशनकार्ड से संबंधित शिकायतों की अधिकता रही। सभी शिकायत पत्र निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को उक्त प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर तहसीलदार रवि रंजन कश्यप, नायब तहसीलदार संतोष कुमार यादव, विवेक कुमार श्रीवास्तव खण्ड विकास अधिकारी वर्षा बंग सहित अन्य विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

नाऊपुर में पुलिस ने लगायी चौपाल

थानागद्दी। केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी पुलिस चौकी अंतर्गत नाऊपुर गाँव मे पुलिस ने सोमवार की शाम चौपाल लगा कार जनता को पुलिस से सीधे जुड़ने के साथ साथ बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाने की जानकारी दिये। नाऊपुर गाँव के दीपक सिंह के दरवाजे पर केराकत कोतवाल अवनीश कुमार राय और चौकी प्रभारी आशुतोष गुप्ता ने चौपाल लगाया। चौपाल मे जनता को सम्बोधित करते हुए कोतवाल अवनीश कुमार राय ने ग्रामीणों से सीधे बात किया और जानकरी दिये की आप सीधे पुलिस से फोन व्हाट्सप्प के माध्यम से जुड़िये अपने समस्याओ को बताये। बीट सिपाही से गाँव वालो से परिचय कराये, जमीनी विवाद हो या कोई संदिग्ध या अपारधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति दिखाई दें तो अपने बीट सिपाही या चौकी प्रभारी को सुचना देकर आगाह करें। ताकि विवाद का समय रहते निपटारा किया जा सके। कोतवाल प्रभारी ने कहा की अगर जमीनी विवाद मे कोई समस्या आ रही हैँ तो उसके लिये राजस्व से मिलकर समस्या का समाधान किआ जा सके। मौके पर उपस्थिति लोगो मे रितेश सिंह, आनंद सिंह, सतीश सिंह, नरेन्द्र सिंह,लल्लन राजभर, सागर प्रजापति, संतोष सिंह, सुभाष सिंह रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में संपन्न

116 शिकायतों में से 03 का हुआ तत्काल निस्तारण, 05 टीमें मौके पर भेजी गई

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में संपन्न हुआ। इसी क्रम में जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 116 शिकायतें आई, जिनमें से 03 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। 05 टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग से 65, पुलिस विभाग से 14 तथा शेष अन्य विभागों से संबंधित थी।

सदर तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों को सुनते डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी।

संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करे। लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस पर जन सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक इलामारन जी, उप जिलाधिकारी सदर तथा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

खोए मोबाइल फोन बरामद कर पुलिस ने स्वामी को सौंपा

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर टीम द्वारा खोए 20 हजार रुपये कीमत की मोबाइल फोन बरामद कर स्वामी को सौंप दिया गया। खोए हुये मोबाईल को पाकर स्वामी ने पुलिस के प्रति आभार जताया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना हलधरपुर साइबर टीम द्वारा थाना स्थानीय पर दर्ज गुमशुदगी को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से सोमवार को गुमशुदा मोबाइल लगभग बीस हजार रुपये कीमती को बरामद कर स्वामी को सुपुर्द किया गया।

जिसमें प्रवीण कुमार निवासी दिलशादपुर थाना हलधरपुर द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना हलधरपुर के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

लगभग 100 करोड़ की 11.887 एकड़ जमीन मूल खाते में स्थानांतरित हेतु आदेश जारी

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। अपर उप जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर कोर्ट द्वारा सोमवार को लगभग 100 करोड़ मूल्य के 11.887 एकड़ जमीन को उनके मूल खाते में स्थानांतरित करने के आदेश संबंधित कोर्ट द्वारा जारी किए गए हैं। उपरोक्त सभी भूमियों पर संबंधित खातेदारों द्वारा कूट रचित फर्जी दस्तावेज के माध्यम से गलत तरीके से अपना नाम दर्ज कर लिया गया था जिसे खारिज करते हुए उक्त भूमियों को वापस उनके मूल सुरक्षित खातों में स्थानांतरित करने के आदेश संबंधित पीठासीन अधिकारी अखिलेश कुमार ने दिए। यह सभी भूमि स्थानीय निकाय नगर पालिका परिषद एवं ग्रामसभा की हैं। अपर उप जिलाधिकारी कोर्ट द्वारा ग्राम जहांगीराबाद में एक भीटा की कुल 7 गाटा जिनका रखवा 3.69 एकड़ अर्थात 5.98 बीघा है, एक बाहा तीन गाटा जिसका रकबा 0.41 एकड़ अर्थात लगभग 0.664 बीघा है। इसके अलावा एक पोखरी जो 1.340 एकड़ की है।

इस प्रकार ग्राम पंचायत जहांगीराबाद में कुल 5.44 एकड़ अर्थात 8.813 बीघा की जमीन से संबंधित खातेदारों का नाम खारिज कर ग्राम सभा के खाते में हस्तांतरित की गई है। इसी प्रकार उप जिलाधिकारी न्यायिक के कोर्ट से भड़कुंआ पट्टी एवं भदेसरा में क्रमश: एक गाटा जो 1.035 एकड़ अर्थात 1.67 बीघा तथा पोखरी के कुल 5 गाटा जिनका रकबा 5.412 एकड़ अर्थात 8.73 बीघा है, को संबंधित खातेदारों का नाम खारिज करते हुए स्थानीय निकाय के खातों में हस्तांतरित करने के आदेश जारी किए गए हैं। ग्राम पंचायत जहांगीरा बाद में लगभग 150 खातेदार थे तथा भट कुआं पट्टी में तीन एवं भदेसरा में कुल 7 खातेदारों ने फर्जी कूटरचित फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से उक्त स्थानीय निकायों की जमीनों पर अपना नाम दर्ज करा कर निर्माण आदि कार्य कर लिए थे। इस प्रकार अपर उप जिला अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक कोर्ट से कुल रकबा 11.887 एकड़ अर्थात 19.25 बीघा की जमीन से संबंधित खातेदारों का नाम खारिज करते हुए संबंधित निकायों के खाते में हस्तांतरित किया गया है। इन जमीनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 100 करोड़ है।

ढिलई फिरोजपुर में चोरों ने एक साथ तीन घरों में की चोरी

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के ढिलई फिरोजपुर गांव में रविवार कि देर रात्रि चोरों ने एक साथ तीन घरों से तीन आईफोन के साथ लगभग एक सौ पच्चास रुपये नगद पर हाथ साफ कर दिया। जिसक जानकारी लोगो को सुबह उठने के बाद हुई। जानकारी के अनुसार सुफियान पुत्र स्व मन्नान, बेलाल पुत्र स्व वहीद व ओसामा पुत्र अबुलैस के परिजन भोजन करने के उपरांत अपने अपने कमरे में जाकर सोगये। देर रात गये चोरों ने एक छत के रास्ते दुसरे छत पर चढ़ कर तीनो घरों को खंगालना शुरू किया जब तीनो घरों में दाल नही गली तो तीनो घरों से एक एक आईफोन व बेलाल उस्मानी के पैकेट से एक सौ पच्चास रुपये लेकर चंपत होगये। जिसकी जानकारी तीनो घरों के परिवारजनों को सुबह हुई।

आनन फानन में 112 नंबर डायल पुलिस को सुचना दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुची रामपुर पुलिस एव 112 नंबर डायल पुलिस जाच पड़ताल जुटी रही।

संक्षिप्त समाचार

रोजगार मेले में साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा अभ्यर्थियों का चयन कल

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिला सेवायोजन अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 सहादतपुरा परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 11 जून को किया जायेगा।

जिसमें विजन इण्डिया- जी0एम0आर0 इलेक्ट्रिक प्रा0 लि0 में टेक्निशियन, हेल्फर इत्यादि पदों पर कैम्पस चयन के माध्यम से हाईस्कूल, इण्टर, एवं आई0टी0आई0 इलेक्ट्रिशियन, डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण बेराजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से उनके योग्यता के अनुरूप वेतन रू0 15000 से 18000, कार्यस्थल मऊ के लिए चयन की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। मेले में प्रतिभाग करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकृत अभ्यर्थियों का कैम्पस चयन रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से होगा।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने डेढ़ दर्जन वाहनों का किया चालान

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के आदेश के क्रम में रविवार संध्या विभिन्न मार्गों पर वाहन चेकिंग के दौरान लगभग 18 दो पहिया वाहन हेलमेट तथा ओवरलोडिंग के मामले में पाए जाने पर पुलिस ने वाहनों का ई चालान किया गया। सीओ शीतला प्रसाद पांडे के नेतृत्व में कोतवाल रविंद्र नाथ राय समेत पुलिस के लोगों ने आधा दर्जन स्थानों पर वाहनों की जांच की जांच के दौरान ओवरलोडिंग एवं हेलमेट के अभाव में पाए जाने पर गाड़ियों का ई-चालान किया गया।

इस मौके पर उपनिरीक्षक लाल साहब गौतम सरफराज खान अरविंद कुमार यादव वैभव कुमार पांडे शैलेंद्र सिंह विकास कुमार मंजेश कुमार जितेश मिश्रा कांस्टेबल निर्भय सिंह अंशुमन शुक्ला अखिलेश यादव महिला उप निरीक्षक माधुरी सागर एवं महिला कांस्टेबल विभिन्न चेकिंग स्थल पर तैनात रही।

बसनही नाले पर बने जर्जर पुल के मरम्मत की उठी माँग

तरुणमित्र न्यूज

रतनपुरा (मऊ)। क्षेत्र के इटैली रतनपुरा नसीराबाद कला मार्ग पर बिसुकिया स्थित बसनही नाला पर बना लगभग सात दशक पहले का पुल अब जर्जर हालत में हो गया है। लगभग आठ महीने पहले बिसुकिया से नसीराबाद कलाँ तक जर्जर हालात में हों गई सड़क का मरम्मत कार्य और पीच का कार्य किया जा चुका है लेकिन बसनही नाला पर जर्जर हालात में आ चुके पुल का मरम्मत नहीं हो सका। बरसात के समय पानी ज्यादा आने पर पूल पानी नहीं खींच पाता है इसलिए लगभग पच्चीसों बिगहा खेत में पानी भर जाने से धान की फसल नहीं हो पाती है। स्थानीय पंकज सिंह, विरेन्द्र चौहान प्रेमचंद जायसवाल गोपाल प्रसाद, सुनील कुमार आदि लोगों ने पुल के मरम्मत कराने की मांग शासन प्रशासन से की है। इन लोगों का कहना है कि जर्जर हालात में हों गए पुल की मरम्मत कराने की तत्काल जरूरत है नहीं तो कभी भी कोई घटना घट सकती है।

सैदपुर मुहल्ले के शिवमंदिर से दुर्गा मां की आभूषण चोरी

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। नगर पंचायत के मोहल्ला सैदपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित माता दुर्गा की मूर्ति के कान में पहनाया गया सोने का झुमका गत दिनों चोरी हो गयी। अज्ञात चोर द्वारा चुरा लिए जाने एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी में हलचल पैदा हो गयी। इस संबंध में मंदिर समिति के पदाधिकारी अंकुश गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता ने सोमवार को स्थानीय पुलिस को चोरी के मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही हेतु गुहार लगाया है। जबकि कुछ महीने पूर्व भी माता दुर्गा की प्रतिमा में लगे हुए सोने के आभूषण भी गायब हो गए थे। मंदिर समिति के लोगों ने मांग किया है कि तत्काल अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आभूषण को बरामद किया जाए।

आगजनी की घटना में मूक बधिर का सामान जला

तरुणमित्र न्यूज

रतनपुरा (मऊ)। रतनपुरा प्रखंड के मुबारकपुर ग्राम पंचायत निवासी सुग्गन पटेल का आगजनी की घटना में सब कुछ जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि सुगन पटेल मूक बधिर हैं और झोपड़ी में रहकर के अपना की रास्ते संभाले हुए थे परंतु सोमवार की अपराह्न 4 बजे के लगभग उनकी झोपड़ी में अचानक आग लग गयी। ग्रामीणों की तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

दो वारण्टी गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान सोमवार को 02 वारण्टी अभियुक्तों गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त मो.जाकिर पुत्र रिजवान अहमद निवासी हकीकतपुरा व थाना कोपागंज पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त बदरे आलम पुत्र अलीरजा निवासी छितौनी थाना रसड़ा जनपद बलिया को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

जालसाजी के मामले में आरोपी सेंट्रल बार के महामंत्री अजय सिंह फरार घोषित

- गैरजमानती वारंट के साथ ही कुर्की और जमानतदारों को नोटिस जारी
- सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तिथि नियत
- सरायलखंसी थाना क्षेत्र का मामला

महामंत्री अजय सिंह एडवोकेट।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह ने सोमवार को सुनवाई के बाद जालसाजी के मामले में आरोपी सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री अजय कुमार सिंह को फरार घोषित करते हुए उनके विरूद्ध गैरजमानती वारंट और कुर्की के लिए धारा 82 सीआरपीसी के तहत नोटिस जारी किया। साथ ही जमानतदारों को भी नोटिस जारी करने का आदेश दिया। तथा हाजिरी के लिए 11 जुलाई की तिथि नियत किया। बता दे कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट राजीव कुमार वत्स ने जमानत की शर्तो का उल्लंघन करने पर उनकी अग्रिम जमानत को निरस्त कर सीजेएम कोर्ट में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था, लेकिन उन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किया। जिस पर सीजेएम ने उनकी गिरफ्तारी के लिए गैरजमानती वारंट जारी किया था। बावजूद इसके वह कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं किया। पुलिस की ओर से गैरजमानती वारंट और जीडी की प्रति न्यायालय में दाखिल कर उल्लेख किया गया कि कई बार अभियुक्त के घर दविश दी गई लेकिन वह दरयाफ्त नहीं हुआ। मामला सरायलखंसी थाना क्षेत्र का है।

मामले के अनुसार कोपागंज थाना क्षेत्र के लैरोदोनवार गांव निवासी विनोद कुमार सिंह की तहरीर पर एसपी के आदेश के बाद सरायलखंसी थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें सरायलखंसी थाना क्षेत्र के हरदसपुर गांव निवासी सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री अजय कुमार सिंह पुत्र स्व. शिव प्रसाद सिंह को आरोपी बनाया गया था। आरोप था कि अजय कुमार सिंह ने अपने विरुद्ध दर्ज आपराधिक मुकदमों को छुपाकर एक कूटरचित झूठा शपथ पत्र जिलाधिकारी के समक्ष देकर असलहा का लाइसेंस प्राप्त कर लिया था। जांच के बाद जिलाधिकारी ने लाइसेंस निरस्त कर दिया, साथही उनके विरुद्ध सरायलखंसी थाने में मुकदमा अपराध संख्या 426 सन 2021 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत एफआईआर दर्ज हुई। मामले में अजय कुमार सिंह की ओर से जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दी गई, जिसे जिला जज ने 30 सितंबर 2021 को सशर्त स्वीकार कर लिया था।

अभियुक्त अजय कुमार सिंह द्वारा जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने पर विनोद कुमार सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायालय से उसे मिली अग्रिम जमानत को निरस्त करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। सुनवाई के बाद 17 मई को एडीजे ने अग्रिम जमानत को निरस्त कर उन्हें एक सप्ताह में सीजेएम न्यायालय में आत्म समर्पण करने का आदेश दिया था। अवधि बीतने के बाद उन्होंने कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं किया। जिस पर सीजेएम ने अजय कुमार सिंह के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी किया था। गैरजमानती वारंट पर पुलिस कई बार उनके घर दविश दी गई लेकिन वह दरयाप्त नहीं हुए। जिस पर पुलिस अपनी आख्या सोमवार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया। जिस पर सुनवाई के बाद सीजेएम ने उपरोक्त आदेश जारी किया।

अब्बास अंसारी की ओर से सीजेएम कोर्ट के फैसले के विरुद्ध की गई अपील

- शहर के पहाड़पुरा में नफरती भाषण का मामला
- एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई आज

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। नफरती भाषण के मामले में सजा के विरुद्ध अब्बास अंसारी की ओर से जिला जज की कोर्ट में अपील दाखिल की गई। अपील को ऐडमिट कर सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई के लिए अंतरित कर दी गई। विशेष न्यायाधीश एमपीध्एमएलए कोर्ट में सुनवाई आज होगी। विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण के मामले में विधायक अब्बास अंसारी को सीजेएम ने सुनाई थी दो वर्ष की सजा, कुल 11 हजार रुपए का लगाया था अर्थदण्ड।

अब्बास अंसारी की ओर से सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण के मामले में गत 31 मई को सीजेएम द्वारा सुनाई गई सजा के विरुद्ध अपील दाखिल कर सजा पर रोक लगाने का अनुरोध किया। जिला जज सुनील कुमार ने अपील को ऐडमिट कर रजिस्टर में दर्ज करने तथा विपक्षी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। साथ ही मामले को सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधीश एमपीध्एमएलए राजीव कुमार वत्स के न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया। तथा सुनवाई के लिए 10 जून की तिथि नियत किया। मामला शहर मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में अपराध संख्या 97ध् 22 धारा 506, 171च भादवि के तहत एफआईआर दर्ज हुई। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी व अन्य को आरोपी बनाया गया।

आरोप था कि 3 मार्च 22 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने नगर क्षेत्र के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा कि जनपद मऊ के प्रशासन को चुनाव के बाद रोककर हिसाब किताब करने व इसके बाद सबक सिखाने की धमकी मंच से दी गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद धारा 506, 171 एफ, 186, 189, 153 ए, 120 बी भादवि मे सदर विधायक अब्बास अंसारी व उनके भाई उमर अंसारी, इलेक्शन एजेंट गाजीपुर जनपद के पुरानी कचहरी यूसुपुर मुहम्मदाबाद निवासी मंसूर अंसारी के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। जिसमें अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए अभियोजन अधिकारी हरेंद्र सिंह ने कुल 6 गवाहों को पेशकर अभियोजन का पक्ष रखा था। सीजेएम ने दोनों पक्षो के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी अब्बास अंसारी और मंसूर अंसारी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद अब्बास अंसारी को दो वर्ष की सजा के साथ ही कुल 11 हजार रुपए अर्थदंड लगाया था। सजा के बाद सोमवार को अब्बास अंसारी की ओर से उनके अधिवक्ता दारोगा सिंह ने जिला जज की कोर्ट में अपली दाखिल की गई है।

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार हेतु करें आवेदन

जिला सूचना कार्यालय में 15 तक आवेदन कर सकते हैं

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। निदेशक डॉक्टर शोभित कुमार नाहर ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 के लिए अकादमी पुरस्कार हेतु आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अकादमी पुरस्कार के लिए उत्तर प्रदेश के निवासी ऐसे विशिष्ट कलाओं के नामों पर विचार किया जाएगा, जिसने उत्तर प्रदेश में जन्म लिया हो और विगत 10 वर्ष से प्रदेश, देश/विदेश में कहीं भी कला सेवा में रत हो अथवा उसने प्रदेश के बाहर जन्म लिया हो परंतु उसने पुरस्कार के लिए विचार किए जाने वाले वर्ष से पूर्व कम से कम एक दशक तक निरंतर उत्तर प्रदेश में रहकर संगीत, नृत्य एवं रंगमंच के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान किया हो। अकादमी पुरस्कार हेतु निर्धारित विधाएं निम्न प्रकार हैं। गायन विधा के अंतर्गत शास्त्रीय, उपशास्त्री, सुगम संगीत, लोक संगीत। वादन विधा के अंतर्गत अवंदय, तंत्र, सुषिर, लोकवाद्य। नृत्य विधा के तहत शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, नृत्यनाटिकाध्नृत्य संरचना के निर्देशन हेतु। रंगमंच विधा के तहत पारंपरिक, लोकनाट्य एवं आधुनिक रंगमंच, अभिनय, तकनीक, रंगमंच।

समीक्षा विधा के अंतर्गत गायन, वादन, नृत्य, रंगमंच। लेखन विधा के अंतर्गत गायन, वादन, नृत्य, रंगमंच तथा कला उन्नयन विधा के अंतर्गत शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य, लोक संगीत, लोकनाट्य तथा रंगमंच एवं छायांकन क्षेत्र में योगदान करने वाले अभ्यर्थी अपना आवेदन 15 जून तक जिला सूचना कार्यालय विकास भवन में कर सकते हैं।

नगर पंचायत की प्रथम अध्यक्ष लीलावती देवी का निधन

- पुत्र चेयरमैन रामप्रताप व प्रधान जयप्रताप ने मां को दिया कंधा
- शव यात्रा में कई जनपदों के सर्वदलीय लोग रहे शामिल
- संवेदना प्रकट करने वालों का लगा तांता

तरुणमित्र न्यूज

चिरैयाकोट (मऊ)। नगर के प्रथम चेयरमैन लीलावती यादव का हार्ट अटैक के चलते सोमवार के भोर मे लखनऊ के मेदांता अस्पताल मे मौत हो गयी। जिसकी सूचना नगर मे पहुंचते ही नगरवासियों में शोक कि लहर दौड़ पड़ी। संवेदना प्रकट करनेवालों की दरवाजे पर भीड़ उमड़ पडी। जिसमें विभिन्न जनपद के रानीतिक दलों के विधायक, एमएलसी, अध्यक्ष और अनेक गणमान्य लोग शामिल थे।

चिरैयाकोट नगर की प्रथम चेयरमैन लीलावती यादव पत्नी स्व.बैजनाथ यादव 76 वर्ष की थी जो कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। रविवार को अचानक तबियत बिगड़ते ही परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान सोमवार की भोर में करीब पांच बजे उनका निधन हो गया।

क्षेत्र में लीलावती देवी के परिवार का सामाजिक व राजनीति के क्षेत्र में अच्छा खासा बजूद कायम है। स्व.लीलावती

स्व.लीलावती देवी की फाइल फोटो

यादव के पति स्व.बैजनाथ यादव आजादी के बाद सिर्फ एकबार छोड़कर लगातार मनाजीत ग्राम पंचायत के प्रधान बने रहे। उस दौरान सन् 2005 में महिला सीट होने पर लीलावती यादव ग्राम पंचायत की पहली महिला ग्राम प्रधान बनी थीं। जिसके बाद सन् 2017 में चिरैयाकोट नगर पंचायत बनने पर लीलावती देवी चुनाव मे निर्वाचित होकर नगर का प्रथम चेयरमैन बनने का गौरव हासिल है। जबकि वर्तमान समय में लीलावती यादव के बड़े पुत्र रामप्रताप यादव चिरैयाकोट नगर पंचायत के निर्वाचित चेयरमैन और छोटे पुत्र जयप्रताप यादव ग्राम पंचायत मनाजीत के निर्वाचित ग्राम प्रधान पद पर आसीन है।

सोमवार कि प्रात: चिरैयाकोट नगर के पूर्व और प्रथम चेयरमैन कि मौत कि सूचना दरवाजे पर पहुंचने वालों मे आजमगढ़ मुबारकपुर विधान सभा के विधायक अखिलेश यादव, फूलपुर पवई के पूर्व विधायक श्याम बहादुर यादव, मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा के विधायक राजेंद्र कुमार, गाजीपुर सदर के विधायक जैकिशुन शाहु, आजमगढ़ से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रहे रामदर्शन यादव, झोटारी गाजीपुर के विद्यालय प्रबंधक लालजी यादव, करंडा ब्लॉक प्रमुख आशीष यादव, सपा नेता विवेक सिंह, पूर्व प्रमुख सीयर विनय प्रकाश अंचल, रामजतन राजभर पूर्व विधान परिषद सदस्य, राजेश पासवान नेता, अरविंद यादव, विनोद यादव पूर्व प्रधान काझाखुर्द, मोहम्मद वामिक खान, शंभू यादव, नगीना यादव, गामा यादव, कमलाकांत यादव, हनुमान यादव, राजेन्द्र यादव, अनिल यादव झोटारी, डाक्टर शुभम सिंह, डाक्टर रविन्द्र यादव, डा बी डी यादव, दानीश अख्तर, रामकेश यादव, निजामुद्दीन सिद्धीकी, ओमप्रकाश यादव प्रधान, मनीष कुमार साहू, राणा प्रताप यादव महाप्रधान, अमान अहमद विधान सभाध्यक्ष, विनोद यादव असमलपुरी प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा, जयहिन्द यादव, सुरेश यादव, कालिका यादव, हरिश्चन्द यादव, सूर्यनाथ यादव, अनिल यादव प्रधान रघुनाथपुर, राकेश दुबे, शैलेन्द्र सिंह, पप्पू सिंह जियापुर आदि प्रमुख रहे।

पूर्व सभासद राजेंद्र सोनकर के मां का निधन

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। नगर पंचायत के मोहल्ला गोलवार टोला निवासी एवं पूर्व सभासद राजेंद्र सोनकर की 75 वर्षीय माता का रविवार प्रात: लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया।

इसकी सूचना पर लोगों ने श्री सोनकर के कस्बा स्थित आवास पर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार स्थानीय तमसा नदी के तट पर किया गया। इस मौके पर सोमवार को क्षेत्र के लोगों ने एक शोक बैठक कर आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोक बैठक में बनवारी सोनकर, रामाश्रय यादव, राहुल गुप्ता, अनुराग गुप्ता, संतोष कश्यप, दीनदयाल जायसवाल, पन्ना सोनकर, राजू गुप्ता समेत मोहल्ले के लोग शामिल रहे।

नाबालिग लड़की के गायब होने की पिता ने दी तहरीर

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग लड़की के अचानक घर से गायब होने के मामले में रामपुर थाने में तहरीर देकर संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है मेरी लड़की गाँधी विधालय इंटर कालेज मारूफपुर में ग्यारहवीं छात्रा है विते सात जून को बीना किसी को बताए घर से गायब हो गई मुझे अंदेशा है कि मेरी लड़की के सात कोई अनहोनी घटना न घट जाए। इस मामले में रामपुर पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति कि तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पूर्व प्रधान पर हमला का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि के कुशल पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी घोसी दिनेश दत्त मिश्र के नेतृत्व में सोमवार को जान से मारने की नियत से हमला करने मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान अम्बेडकर प्रतिमा पार्क डांडी के पास से अभियुक्त कृष्णानन्द राय पुत्र स्व.श्रीकान्त राय निवासी देवकली विशुनपुर थाना कोपागंज को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियुक्त द्वारा बीते 7 जून को थाना कोपागंज क्षेत्रान्तर्गत देवकली विशुनपुर में पुरानी रंजीश को लेकर एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया गया था। उक्त के आरोप में थाना कोपागंज पर मु0अ0सं0 163/25 धारा 109, 352, 351(3), 3(5) बीएनएस से संबंधित पाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोपागंज पर कुल 03 अभियोग पंजीकृत है। इस संबंध में पूर्व में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरुणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

कानूनगो व लेखपाल के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के दिये निर्देश

डीएम ने रसड़ा में सुनी जनशिकायतें

तरुणमित्र न्यूज

बलिया। सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्री मंगला प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री ओमवीर सिंह ने तहसील रसड़ा में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के लाभ के लिए प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को कैम्प लगवाकर सभी पात्र दिव्यांग लोगों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को ग्रामवार सर्वे कराकर पेंशन से छूटे हुए, सभी पात्र लोगों को पेंशन से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि वर्ष 2019 में उनके पिता की मृत्यु हो गई थी, उनके पिता के नाम मौजा नगरा में भूमि है, कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कानूनगो एवं लेखपाल द्वारा अभी तक वरासत की कार्यवाही नहीं की गई है, जिस जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित कानूनगो व लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

अपने-अपने मोबाइल के साथ पीड़ित और जानकारी देती पुलिस।

जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में अनुपस्थित उप कृषि निदेशक, जिला सेवा योजन अधिकारी, अधिशासी अभियंता नलकूप, अधिशासी अभियंता विद्युत एवं जिला उद्यान अधिकारी का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आई.जी.आर.एस. में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 127 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 15 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी श्री संजय कुमार कुशवाहा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव वर्मन एवं प्रभागीय वनाधिकारी श्री अपूर्व दीक्षित सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

अतिक्रमण हटाने गए ग्राम प्रधान पर हमला

तरुणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरैना, विकास खंड आजमगढ़ में रविवार सुबह 8 बजे ग्राम प्रधान धनंजय सिंह पटेल पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के दौरान 15 लोगों ने हमला बोल दिया। घटना में ग्राम प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, धनंजय सिंह पटेल मुजार सुरैना गांव में सरकारी जमीन (घुर गड्ढा और खलिहान) पर अतिक्रमण हटाने की सूचना देने गए थे। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों से उनकी कहासुनी हो गई, जिसके बाद 15 लोगों ने मिलकर ग्राम प्रधान को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घायल ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना महुला चौकी पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्राम प्रधान और दूसरे पक्ष के झारखंडी प्रसाद को थाने लाया, लेकिन झारखंडी प्रसाद थाने से फरार हो गया। ग्राम प्रधान ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए उन्होंने तहसील में प्रार्थना पत्र दिया था, जो बाद में हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट के अतिक्रमण हटाने के आदेश के बावजूद अतिक्रमणकारियों ने जमीन खाली नहीं की। क्षेत्रीय लेखपाल ने भी कई बार अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। थानाध्यक्ष रौनापार अनुपम जायसवाल ने बताया कि घटना की तहरीर मिल गई है और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मेघालय में मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया मोड़

गाजीपुर में भटकती मिली राजा रघुवंशी की नवविवाहिता पत्नी सोनम रघुवंशी

गाजीपुर। शादी के बाद हनीमून पर गये और मेघालय से 23 मई को लापता हुए, मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी राजा रघुवंशी हत्या कांड से पर्दा उठने लगा है। वहां पति राजा रघुवंशी का शव मिला था, जबकि सोनम लापता थी। इस हत्याकांड में नौ जून को एक नया मोड़ तब आया जब मृत राजा रघुवंशी की नवविवाहिता पत्नी सोनम रघुवंशी नन्दगंज थाना क्षेत्र के आंकुशपुर स्थित काशी चाय जायका ढाबे पर रात तकरीबन दो बजे बदहाल स्थिति में रोते हुए पहुंची। उसने ढाबा संचालक साहिल यादव से अपने घर पर बात करने के लिए मोबाइल मांगा और अपने घर काल किया था। ढाबा संचालक ने अकेली बदहवास महिला को देखकर रात में ही पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया और उसका चेक अप कराकर उसे वन स्टाप सेन्टर में निगरानी में रख दिया। गाज़ीपुर के पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा व एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद ने बताया कि अभी वह कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। गाज़ीपुर पुलिस ने मेघालय पुलिस को सोनम के मिलने की जानकारी दी है। मेघालय पुलिस ही उस मामले की जानकारी दे पायेगी। गाजीपुर पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने बताया कि सोनम रघुवंशी के मामले में मेघालय पुलिस को सूचना दे दी गयी है। इस मामले की जांच और पूछताछ मेघालय पुलिस ही करेगी। घटना क्यों और कैसे हुई, हम इसकी पुष्टि नहीं करते लेकिन जानकारी के अनुसार, हपोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में राजा रघुवंशी के शरीर पर जहां धारदार हथियार से वार के निशान मिले थे, वहीं शव को खाई में फेंकने से उनकी हड्डियां में फ्रैक्चर भी मिला था। पुलिस को घटनास्थल से ही राजा की हत्या में प्रयुक्त नया धारदार दाव भी मिल गया था। शिलॉन्ग एसपी विवेक सिम ने इसकी पुष्टि की थी।

राजा रघुवंशी की हत्या में मेघालय पुलिस सोनम को भी संदिग्ध मान रही है। इस मामले में पुलिस तीन लोगों को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है और अब सोनम भी पुलिस की निगरानी में है। बताया गया कि मध्य प्रदेश का इंदौर निवासी राजा रघुवंशी अपनी नवविवाहिता पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ गत 20 मई को असम के गुवाहाटी के लिए निकले और मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले में पहुंचे। 23 मई को उन्होंने मंदिर में दर्शन पूजन किया और चेरापूंजी के समीप ओसारा हिल्स पहुंचे। 23 मई को दोपहर में उन्होंने अपने परिजनों से बात की और फिर उनका मोबाइल बंद हो गय। उनके परिजन 24 और 25 मई को कई बार काल किया परन्तु बात न हो सकी। 26 मई को राजा रघुवंशी और सोनम के परिजन उनकी खोज में शिलांग पहुंचे और नवदम्पत्ति के गुम होने की जानकारी दी। पुलिस ने 28 मई को उस होमस्टे की तलाशी ली जिसमें वे रुके थे। वहां उनके बैग पाये गये। 31 मई को 1 जून को वे जिस स्कूटी से गये थे, राजा और सोनम निकले थे, उसकी लोकेशन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन दो जून सोमवार को राजा रघुवंशी का शव वोइसाडोंग नामक स्थान पर 150 फीट नीचे गहरी खाई में सड़ी अवस्था में मिला था। उनका मोबाइल, पर्स, सोने की चेन और अंगूठी नदारद रहे जबकि उसकी स्मार्टवॉच शव की कलाई पर बंधी थी।

जमीन बिक्री के नाम 20 लाख का धोखाधड़ी

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के निवासी संतोष सैनी ने विपक्षी संदीप यादव व अन्य के खिलाफ जमीन बिक्री के नाम पर 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में संतोष सैनी ने विपक्षी संदीप यादव उनकी पत्नी शशिकला और राममिलन यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

संतोष सैनी ने अपनी शिकायत में बताया कि संदीप यादव, निवासी भोराजपुर कला, थाना अतरौलिया, के साथ आजमगढ़ हाइवे के पास जमीन के क्रय-विक्रय को लेकर 31 जनवरी 2023 को एक इकरारनामा हुआ था। इसके तहत 5 लाख रुपये नकद और बाद में 15 लाख रुपये (7.5 लाख नकद और 7.5 लाख बैंक ट्रांसफर के माध्यम से) संदीप को दिए गए। यह राशि गवाहों मुकेश कुमार, लौहर और लक्ष्मीकांत मौर्य की उपस्थिति में दी गई थी। संदीप ने आश्वासन दिया था कि वह जमीन का बैनामा कर देंगे, लेकिन न तो रजिस्ट्री हुई और न ही रुपये वापस किए गए। संतोष सैनी ने आरोप लगाया कि संदीप यादव और उनके साथियों ने जानबूझकर धोखाधड़ी और जालसाजी की। इसके अलावा, रुपये मांगने पर संदीप, उनकी पत्नी शशिकला और राममिलन यादव ने उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और जान से मारने की धमकी दी। मार्च 2025 में जब संतोष ने रुपये मांगने के लिए संदीप के घर का दौरा किया, तो चार-पांच लोग असलहों के साथ उन्हें दौड़ाकर मारने की कोशिश की। संतोष ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि विपक्षी दबंग और भू-माफिया प्रवृत्ति के हैं, जो अन्य लोगों के साथ भी इस तरह के कृत्य करते रहते हैं। संतोष ने बताया कि विपक्षियों ने उनके रुपये से मकान का निर्माण किया और एक चार पहिया वाहन शशिकला के नाम से खरीदा। संतोष ने यह भी कहा कि विपक्षी उन्हें आत्महत्या करने या जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और दावा करते हैं कि पुलिस और कोर्ट का उन पर कोई असर नहीं पड़ता।

सड़क हादसे में दो छात्राओं की मौत, घर पर मातम

आजमगढ़। आजमगढ़-वाराणसी मुख्य मार्ग पर गंभीरपुर थाना क्षेत्र के नंदी भौजी के समीप सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो छात्राओं की मौत हो गई। मृतक छात्राओं की पहचान आंचल यादव (21), पुत्री सुरेंद्र यादव, निवासी आहिल खनियरा और अंशिका यादव (20), पुत्री लालमुनी यादव, निवासी कूड़ेभार खनियरा के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, दोनों छात्राएं सुबह करीब 8.30 बजे साइकिल से श्री माता प्रसाद डिग्री कॉलेज मईखरगपुर जा रही थीं। इसी दौरान आजमगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से आंचल यादव को इलाज के लिए आजमगढ़ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं, अंशिका यादव को लालगंज के सौ बेड अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे की जांच जारी है।

हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया 23वां स्थापना दिवस

आजमगढ़। हरीऔधकला केंद्र आजमगढ़ के सभागार में विश्वकर्मा एकीकरण अभियान का 23 वां स्थापना दिवस हर्षो उल्हास के साथ मनाया गया कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने सबसे पहले श्री भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण वह पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर वृंद कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में सामाजिक गतिविधियों पर जोर देते हुए श्री भगवान विश्वकर्मा के पांचो वंशजों को एकजुट होकर होने वाले जाति जनगणना में अपनी सहभागिता निभाने का आवाह्न करते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम को सफल बनाने वालें समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को स्वागत अभिनंदन वंदन करता हूं और साथ ही कहा कि आज के कार्यक्रम में पूर्व आईएएस जे,एन,विश्वकर्मा जी की तबीयत ठीक ना होने से कार्यक्रम पर नहीं आ पाए हैं उनका आभार है कि हमें अपनी जगह मुख्य अतिथि बनाकर भेजा है आज के इस कार्यक्रम में जो उत्साह दिख रहा है और निश्चित रूप से एकीकरण अभियान को मजबूत करेगा इसी क्रम में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश संयोजक राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव मोहन शिल्पकार ने अपने संबोधन में अपने समाज से आवाह्न किया कि एक बनो नेक बनो देश की समरस्ता को मजबूत करना है। आने वाले दिनों में एकीकरण के माध्यम से राजनीति के आर्थिक सामाजिक उन्नति और भागीदारी की प्राप्ति करना है। इसी अवसर पर अनेक अथित गणमान्य अनिल विश्वकर्मा जेलर, भारत लाल विश्वकर्मा, शिक्षक नेता सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार राय, इंजीनियर विनोद कुमार शर्मा डॉ राजेश कुमार विश्वकर्मा अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद माया देवी ठठेरा प्रदेश अध्यक्षा महासभा एवंअन्य गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट करते हुए उन्नति एवं एकजुट होने के मार्ग बताएं इसी अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गणमान्य को श्री भगवान विश्वकर्मा एवं बौद्ध सत्य भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब के चित्रों के साथ अंग वस्त्र और माला पहनकर स्वागत और अभिनंदन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत ठठेरा प्रदेश अध्यक्ष महासभा एवं संचालन कार्यक्रम के आयोजक एवं अभियान के मंडल प्रभारी आजमगढ़ बेचू विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण सर्वश्री डा. वीकेंनदर विश्वकर्मा, डॉ अखिलेश विश्वकर्मा, उमेश विश्वकर्मा, गोविन्द शर्मा पत्रकार,अवधेश ठठेरा, वासुदेव ठठेरा, कविता सरोज, पूजा सरोज, कंचन विश्वकर्म, संगीता गौतम समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मंचीसन अतिथिगण।

दाखिल खारिज से परेशान बैनामदारों संग बीआरडी ने पत्रक सौंपा

तरुणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जिले में जमीन के बैनामा लेने के बाद खारिज दाखिल की प्रक्रिया में हो रही देरी से बैनामेदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए आज भारत रक्षा दल परिवार के श्रम मंच के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन को एक मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र सौंपते हुए श्रम मंच के प्रभारी जैनेंद्र चौहान ने बताया कि जिले में कई लोगों ने मकान निर्माण के लिए जमीन खरीदी है, लेकिन पिछले कई महीनों से तहसीलों में खारिज दाखिल की कार्यवाही नहीं हो रही है। इससे लोन लेने वालों को बैंकों से लोन नहीं मिल रहा, जमीन की नापी रुकी हुई है, और लोग तहसीलों के चक्कर काटकर परेशान हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

चौहान ने आगे कहा कि इस मांग पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई है। जिला प्रशासन ने इस पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है, और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही खारिज दाखिल की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मांग पत्र सौंपने वालों में महेंद्र चौहान, बबलू तिवारी, रमाकांत यादव, धर्मवीर शर्मा, आशीष एडवोकेट, राजा चौहान, धर्मराज, प्रदीप कुमार चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जेएनसीयू में अंग्रेजी विभाग द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

तरुणमित्र न्यूज

बलिया। जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण में अंग्रेजी विभाग द्वारा भारतीय अंग्रेज़ी लेखन में उत्तर-औपनिवेशिकता विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर आलोक कुमार, अंग्रेज़ी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषाएँ विभाग, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ.प्र.), उपस्थित रहे। विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रोफेसर गौरहरि बहेरा, अंग्रेज़ी विभाग तथा प्रोफेसर अरविंद मिश्र, पूर्व संकायाध्यक्ष, भाषा संकाय, महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ उपस्थित थे। प्रोफेसर आलोक कुमार ने भारतीय अंग्रेजी साहित्य में उत्तर उपनिवेशवाद पर हुए विभिन्न शोध को रेखांकित किया। प्रो. कुमार ने राजा राव, आर के नारायण, मुल्क राज आनंद, टैगोर आदि के लेखन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को इन लेखकों को गंभीरता से पढ़ना चाहिए। प्रो. कुमार का स्वागत डॉ. नीरज कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ एवम अंगवस्त्र देकर किया। प्रोफेसर गौरहरि बेहरा ने उत्तर उपनिवेशवाद के नए आयाम का ज़िक्र करते हुए सलमान रुश्दी, अरूंधती रॉय, अमिताव घोष, किरण देसाई आदि की लेखनी पर प्रकाश डाला ढ्ढ प्रो बेहरा का स्वागत डॉ. दिलीप मद्धेशिया द्वारा किया गया। प्रोफेसर अरविंद मिश्र ने शोध पद्धति के मुख्य घटक पर प्रकाश डालते हुए भारतीय कवियों यथा टैगोर, अरुण कोलटकर, निसीम इज़ेकील आदि को उद्धृत किया। यह संगोष्ठी भारतीय अंग्रेज़ी साहित्य में उत्तर-औपनिवेशिक प्रवृत्तियों, लेखकीय दृष्टिकोणों और सांस्कृतिक विमर्शों पर गहन चर्चा करने का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों में अंग्रेज़ी साहित्य में उत्तर-औपनिवेशिक प्रवृत्तियों के प्रति रुचि बढ़ाने और विषय की बुनियादी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशेष व्याख्यान विद्यार्थियों की ज्ञान-वृद्धि में सफल रहा। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अजय कुमार चौबे, सह-आचार्य एवं अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एमए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा श्रुति राज तोमर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश मिश्रा ने किया। उक्त कार्यक्रम में एमए तथा पीएचडी के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर एस एल पाल, कुलसचिव, आनंद दूबे, वित्त अधिकारी, डॉ पुष्पा मिश्रा, निदेशक शैक्षणिक, डॉ प्रियंका सिंह, कुलानुशासक, डॉ प्रमोद शंकर पाण्डेय, जनसंपर्क अधिकारी, आदि ने बधाई दी है।

वरिष्ठ पत्रकार के घर लगी आग, सिकन्दरपुर में अब तक नही बन पाया फायर स्टेशन

तरुणमित्र न्यूज

सिकन्दरपुर (बलिया)। मनियर-सिकंदरपुर मार्ग पर गांधी आश्रम के पास वरिष्ठ पत्रकार व लोकतंत्र रक्षक शंभू मिश्रा के घर में देर रात आग लग गई। जिसमे हजारों का सामान जलकर खाक हो गया, घटना स्थल पर पहुँची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।आग लगने के कारणों का अब तक पता नही चल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात लगभग एक बजे के करीब आग लग गयी देखते देखते आग ने विकराल रूप पकड़ लिया।मौके पर पहुँचे आस पास के लोगों ने आगपर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग बेक़ाबू होता देख लोगो ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को आग लगने की सूचना दी। सूचना पर पहुँची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। देर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुँचने से ज्यादा नुकसान हो गया, लोगो का कहना है कि तहसील सिकन्दरपुर होने के बावजूद यहाँ अबतक फायर स्टेशन नही बन पाया। फायर स्टेशन न होना शासन व प्रशासन की अकर्मण्यता को परिलक्षित करता है,वर्षों से बन रहे गौरा मदनपुरा में फायर स्टेशन अबतक अधर में लटका हुआ है। कोई जनप्रतिनिधियों को इसकी सुध नही ले रहा है।

अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद। नगर में सड़कों के के किनारे अवैध रूप से दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लेने से आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार रहे हैं। अतिक्रमण के इस मुद्दे को लेकर सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसील दिवस पर एडीएम गाज़ीपुर एवं स्थानीय एसडीएम को संयुक्त रूप से पत्रक देकर तत्काल अतिक्रमण कार्यों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता धनंजय राय ने बताया कि पिछले दिनों ट्रामा सेंटर के बगल में एक चाय की दुकान के द्वारा काफी मात्रा में सड़क के किनारे अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे वहां पर आए दिन दुर्घटना होती रहती है तथा कुछ कहने पर उक्त दुकानदार मारपीट पर भी आमादा हो जाते हैं यही हालत तहसील से लेकर दीवानी न्यायालय तक है जहां पर प्रतिदिन कोई न कोई जनता एवं अधिवक्ता मोटर वाहनों से दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं पिछले दिनों सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश राय एवं सुशील कुमार राय जो रेवेन्यू बार के अध्यक्ष है इन दोनों का इन्हीं जगहों पर रोड एक्सीडेंट हो गया जिसके चलते उनको महीना तक अस्पताल में इलाज करना पड़ा अधिवक्ताओं की बात को सुनकर एसडीएम हर्षित तिवारी ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी वीरेंद्र कुमार राव को तत्काल इस संबंध में कार्रवाई का निर्देश दिया इस मौके पर सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल कुमार राय अनिल राय सोनू धनंजय राय आशुतोष कुमार राय गुड्डू राय आदिलोक शामिल रहे।

अतिक्रमण की समस्या को हमेशा के लिए खत्म करने हेतु एडीएम गाजीपुर को पत्र देते अधिवक्ता।

मान्यता प्राप्त
माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी
स्थापित-1971
कम्प्यूटर शिक्षा मुफ्त
प्रवेश प्रारम्भ
भारती विद्या मन्दिर
वाजिदपुर उत्तरी (अहियापुर) जौनपुर
शिशु से जूनियर हाईस्कूल तक
हमारी सुविधायें
1. हवादार खुला भवन ।
2. शिक्षण की आधुनिकतम तकनीकी।
3. प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा शिक्षण।
4. बच्चों के शारीरिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक विकास पर बल।
सभी कक्ष CCTV कैमरे युक्त
प्रधानाचार्य
कमलेश कुमार पाल
एम.ए., बी.एड.
Mob.: 9793402512
प्रबन्धक
आदर्श कुमार 'सम्पादक'
Mob.: 9452984488
सहप्रबन्धक- नरेन्द्र कुमार गुप्त
Mob.: 8088051925
नोट- 3 सगे भाई-बहनों में 1 की फीस माफ।
शिशुओं को खेल उपकरण द्वारा शिक्षा।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक

ट्रेड (कोर्स)	अवधि	पात्रता
फिटर	2 वर्ष	हाईस्कूल
इलेक्ट्रिशियन	2 वर्ष	हाईस्कूल

सीमित सीट
★आधुनिक वर्कशाप ★ अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज
A.N.M. 10+2 (Art/Bio)
G.N.M. (A) 10+2 (Bio)
B.Sc. Nursing (A) 10+2 (Bio)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
O.T.T. डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन
D.P.T. डिप्लोमा इन फिजियोथैरेपी
OPTOMERTY डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री टेक्निशियन
कुत्तूपुर, जौनपुर Mob. : 7275314939, 9236627158

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Station, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

भारत-अमेरिका के बीच दोस्ती या मजबूरी

ट्रंप क्यों लागू नहीं कर पा रहे अपनी नीतियां?

नई दिल्ली। अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी विदेश नीति में काफी बड़े बदलाव कर रहे हैं। पिछले कुछ दशकों से भारत-अमेरिका संबंध बेहतर हो रहे हैं। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाना खुद अमेरिका के हित में है और यह अमेरिकी प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह भारतीय विदेश नीति की अनदेखी ना करे। विदेश नीति के जानकार और जेएनयू के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि अमेरिका आंतरिक संकटों से गुजर रहा है तथा अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप अपनी कई नीतियों को लागू कराने में असमर्थ दिख रहे हैं। वैश्विक मुद्दों पर देशों के बीच मूल्य आधारित सहयोग को सीमित करना या उसे कमजोर करना अमेरिकी नेतृत्व पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। हालांकि, यह कहना कि अमेरिका भारत के हितों को नजरअंदाज करके द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाना चाहता है, यह जल्दबाजी होगी। कु छ मामलों में, अमेरिका भारत के साथ अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी पर जोर दे सकता है, लेकिन यह हमेशा भारत के हितों के साथ पूरी तरह से मेल नहीं खा सकता है।

उदाहरण के लिए, अमेरिका भारत के साथ सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए, चीन का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत साझेदारी चाहता है, लेकिन यह भारत के लिए अपनी सुरक्षा एवं रणनीतिक हितों के लिहाज से भी आवश्यक है। डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव के मुताबिक, ऐतिहासिक रूप से देंखे तो शीत-युद्ध के दौरान सोवियत संघ के खिलाफ इस क्षेत्र में पाकिस्तान अमेरिका का सहयोगी था। 1987 में अमेरिका ने पाकिस्तान को गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा दिया था, जो आज भी जारी है। आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में पाकिस्तान को गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा प्राप्त होना तथा तुर्की जैसे देशों का नाटो का सदस्य होना वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ अमेरिकी नीति पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शीत युद्ध के बाद के युग में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। दोनों देशों के रिश्ते अलगाव से जुड़ाव में बदल गए। इस बदलाव के पीछे कई राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक कारक थे। शीत युद्ध की समाप्ति के बाद अमेरिका ने दक्षिण एशियाई क्षेत्र के प्रति अपनी नीतियों को नया आकार दिया है।

अमेरिका ने भारत के साथ एक समावेशी आर्थिक, सैन्य और राजनीतिक साझेदारी विकसित की, और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक विस्तारवादी नीतियों ने दोनों दोनों देशों के बीच संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। भारत और अमेरिका अब हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और एशिया में पर्याप्त शक्ति संतुलन बनाए रखने में साझा हित रखते हैं। आने वाले वर्षों में वैश्विक राजनीति हिंद महासागर से तय होगी। अंतरराष्ट्रीय राजनीति यथार्थवाद से ज्यादा प्रभावित होती है। ऐसे में लोकतंत्र, स्वतंत्रता, बहुलवाद और विविधता जैसे हमारे साझा मूल्य पर्याप्त नही होते, कई बार विरोधाभासी हो सकते हैं। राष्ट्रीय हित कई कारकों पर निर्भर करता है जिसमे समय-समय पर बदलाव होते रहते हैं।

यदि सिर्फ मूल्य आधारित रिश्ते अहमियत रखते तो दोनों देश वर्षों पहले ही गठबंधन बना लेते या साझेदार हो गए होते। इतिहास हमें सिखाता है कि रिश्तों के विकास के लिए ये मूल्य न तो आवश्यक हैं और न ही पर्याप्त हैं, बल्कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होते हैं।

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर
आयु सीमा 17-35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रिवांश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधायें-
जनरल सर्जरी, अपेन्डिक्स, हार्निया
बच्चेदानी का ऑपरेशन, पेट आंत
पित्त की थैली के पथरी का ऑपरेशन
हाइड्रोसिल, गुर्दे की पथरी
प्रोस्टेट (दूरबीन विधि द्वारा),बवासीर
भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन क्षार सूत्र विधि द्वारा, यूरो सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक
सर्जरी ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा करने की सुविधा इत्यादि
डॉ. पवन चौरसिया B.A.M.S., M.S. (Ay) जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन
डॉ. फैजल जावेद M.B.B.S फिजीशियन
डॉ. डी.के. गुप्ता M.B.B.S., MS, Mch, Urologist यूरो सर्जन
लाइन बाजार तिराहा, वाराणसी रोड, जौनपुर
Mob.: 8765452133, 9336748494, 9415161571
24/7 EMERGENCY SERVICE

निःसन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
वर्तमान सत्र- 2025-26 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
16 वर्षों से शुद्धता एवं विश्वास की कसौटी पर ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरे सोने के भाँति निरंतरता को बनाये रखते हुए आमंत्रित करता है अपने प्रतिष्ठान
सौरव ज्वेलर्स
सम्मानित ग्राहकगण सोने के बढ़ते हुए रेट में सौरव ज्वेलर्स आपको सोने व चाँदी के जेवर होल सेल के सभी कम रेट पर आपको ज्वेलरी देने का प्रयास निरंतर कर रहा है। जिससे आप सभी को कुछ राहत मिल सके।
18 कैरेट जेवर पर 18 कैरेट का ही भाव लगेगा
22 कैरेट जेवर पर 22 कैरेट का ही भाव लगेगा
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे। विश्वास ही हमारी परम्परा है।
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो. लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू, टेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.न.: 9415315405, 9598725958, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप
एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW

NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

ईरान में 20 से ज्यादा शहरों में कुत्तों को घुमाने पर लगी रोक

नई दिल्ली। ईरान ने सामाजिक व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 20 से ज्यादा शहरों में कुत्तों के घुमाने पर बैन लगा दिया है। तेहरान स्थित फराज न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जिन शहरों में प्रतिबंध लगाया गया है उनमें करमानशाह, इलम, हमादान, करमान, बोरूजेर्ड, रोबत करीम, लवसनात और गोलेस्तान शामिल हैं। इसी तरह के बैन सबसे पहले 2019 में राजधानी तेहरान में लगाए गए थे, जिससे नागरिकों के बीच और आलोचना हुई थी।

ईरानी अधिकारियों ने दावा किया है कि कुत्तों को टहलाना लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है। उनका यह भी तर्क है कि कुत्तों को टहलाना सुरक्षा संबंधी मुद्दों को जन्म दे सकता है। हालांकि उन्होंने इस कदम को लेकर कोई विशेष जानकारी नहीं दी है। रिपोर्टों के अनुसार, अधिकारी प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले कुत्तों के मालिकों पर कार्रवाई कर रहे हैं, जिसके कारण गिरफ्तारी और प्रतिरोध हो रहा है।